P372

“ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है और असत्य हमेशा हारता है।”

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 286 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 रोजगार मेले में 162 युवाओं को मिला रोजगार
5 अक्षय कुमार 'पिंच टू गेट रिच' शो में बनेंगे जज
6 पुलिस जवानों के लिए हेलमेट जरूरी...

# भ्रष्टाचार के पॉवर का असर, एजाइल को किए भुगतान की जानकारी देने से इंकार



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एमवाय अस्पताल में चूहे के काटने के बाद दो बच्चियों की मौत के मामले में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और एमवाय अस्पताल प्रभारी डॉ. अशोक यादव को भी दोषी माना है। इस मामले के बाद केंद्र सरकार की ओर से आयुष्मान भारत के सीईओ योगेश भरसट कमेटी ने जांच की थी। कमेटी के चेयरमेन डॉ. योगेश भरसट ने बताया कि एमवाय में चूहों के कुतरने के बाद दो बच्चों की मौत के मामले में विभागीय स्तर पर जांच कर रिपोर्ट सबमिट कर दी गई है। गोपनीय रिपोर्ट में क्या मिला और किसे दोषी पाया गया, इस बारे में संभागायुक्त ही पूरी जानकारी दे पाएंगे।

### रिपोर्ट में ये हुए खुलासे

- अस्पताल में साफ सफाई तथा पेस्ट एवं रोडेंट कंट्रोल की जिम्मेदारी डीन और अधीक्षक की है। कंपनी के कार्यों के पर्यवेक्षण और भुगतान की जिम्मेदारी भी दोनों की है।
- डीन और अधीक्षक ने आउटसोर्स कंपनी एजाइल को किए गए भुगतान के दस्तावेज और नोटशीट जांच समिति को उपलब्ध ही नहीं कराए। सवाल यही डीन ने ऐसा क्यों किया?
- बच्चों की मौत और अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल नहीं हुआ। बार-बार रिमांइडर के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने आउटसोर्स कंपनी को किए गए भुगतान की जानकारी ही जांच कमेटी से साझा नहीं की।
- आउटसोर्स कंपनी द्वारा कागजों पर पेस्ट कंट्रोल करने के बाद भी बिना सत्यापन कंपनी को करोड़ों का भुगतान हुआ।

## फर्जी हॉस्पिटल अनुमति घोटाला उजागर स्वास्थ्य अधिकारी पर जांच के आदेश

शहर के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारी पर फर्जीवाड़े का बड़ा आरोप सामने आया है। यह भी सामने आया कि कई सरकारी दस्तावेजों की कूट रचना कर फर्जी हॉस्पिटलों को अनुमति दिलाई। नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और ग्राम पंचायत के दस्तावेजों को फर्जी तरीके से तैयार कर लाखों रुपए लेकर हॉस्पिटल्स को मान्यता दिलाई। इस बीच, उनकी व्हाट्सएप चैटिंग भी वायरल हुई है, जिसमें करीब छह अस्पतालों के फर्जी दस्तावेज तैयार करने की बातें नजर आ रही हैं। इन अस्पतालों में अविरल हॉस्पिटल, तुलसी वरदान हॉस्पिटल, ब्रिथ केयर हॉस्पिटल, शेख हबीब हॉस्पिटल, पल्स हॉस्पिटल और लेडी हलीमा हॉस्पिटल शामिल बताए जा रहे हैं। जबलपुर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में इस मामले में याचिका दायर की गई थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

- ओपी सिंह हरियाणा पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किए
- मौलाना तौकीर रजा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बरेली सीजेएम अदालत में पेश होंगे
- जुबिली हिल्स उपचुनाव से पहले एसएसटी टीम ने बरामद किया 25 लाख रुपये कैश, चुनाव नियमों का उल्लंघन
- आंध्र प्रदेश में गूगल करेगा 10 अरब डॉलर का निवेश, बनाएगा डेटा सेंटर
- राहुल गांधी आज जाएंगे चंडीगढ़, आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार से शाम 5.30 बजे करेंगे मुलाकात
- भारत साहसिक आर्थिक नीतियों से आलोचकों को दे रहा है करारा जवाब- आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा
- अमेरिकी नागरिकों को 55% टैरिफ चुकाना होगा, गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट में दावा



# दीपावली के पहले ट्रैफिक जाम, डेढ़ घंटे तक गुत्थमगुत्था होते रहे वाहन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में दीपावली के त्यौहार के पहले पुलिस विभाग के पुख्ता इंतजाम नहीं होने सोमवार को शहर का बड़ा हिस्सा ट्रैफिक जाम के हवाले रहा।

सोमवार शाम को एमजी रोड से लेकर शास्त्री ब्रिज तक लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहा। डेढ़ घंटे तक वाहन फंसे रहे। त्यौहारी सीजन का यह सबसे बड़ा जाम था। कुछ देर बाद राजकुमार ब्रिज और स्वदेशी ब्रिज पर भी वाहन फंसे नजर आए। ट्रैफिक जाम रात आठ बजे से शुरू हुआ, जो रात दस बजे तक जारी रहा। एमजी रोड से लेकर शास्त्री ब्रिज, रीगल चौराहा तक वाहनों की लंबी कतार लगी। उसके बाद शास्त्री ब्रिज के दोनों तरफ वाहन फंसे रहे। दोनों तरफ लंबा ट्रैफिक जाम रहा। डेढ़ घंटे तक वाहन गुत्थमगुत्था होते रहे। एमजी रोड के अलावा मालवा मिल रोड, विश्रांति मार्ग, चिमनबाग , जवाहरमार्ग पर भी वाहन गुत्थमगुत्था होते रहे। बाजारों में भी आम दिनों की तुलना में ज्यादा भी नजर आई। राजवाड़ा के आसपास भी ट्रैफिक जाम होता रहा।

# 'मोती' को अनंत अंबानी के 'वनतारा' भेजने पर जू प्रबंधन और निगम की आपत्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का चर्चित हाथी %मोती% एक बार फिर चर्चा में है। 65 वर्षीय यह विशालकाय हाथी जिसने कभी देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को माला पहनाई थी, अब अपने भविष्य को लेकर विवादों में घिर गया है। हाई पावर कमेटी ने हाल ही में आदेश जारी कर मोती को अनंत अंबानी के वाइल्डलाइफ प्रोजेक्ट वनतारा में भेजने का सुझाव दिया है। इस आदेश के बाद इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन और नगर निगम दोनों ने ही आपत्ति दर्ज कराई है।

हाई कमेटी की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि %मोती% को %वनतारा% सेंटर में स्थानांतरित किया जाए जहां पशु संरक्षण और देखरेख के लिए बेहतर सुविधाएं मौजूद हैं। लेकिन चिड़ियाघर प्रबंधन का कहना है कि मोती की उम्र और मानसिक स्थिति को देखते हुए इतनी लंबी यात्रा उसके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।



### आयुक्त की आपत्ति, मोती को नई जगह भेजना उचित नहीं

नगर निगम आयुक्त दिलीप यादव ने भी हाई कमेटी के आदेश पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि मोती अब काफी बूढ़ा हो चुका है और मानसिक रूप से कमजोर भी है। उसे नई जगह भेजना उसके लिए तनावपूर्ण साबित हो सकता है। हमारी प्राथमिकता उसकी सुरक्षा और भलाई है। इसलिए हमने मोती को इंदौर में ही रखने की सिफारिश की है।

जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि मोती की मानसिक हालत फिलहाल स्थिर नहीं है। वह उम्रदराज और कभी-कभी आक्रामक भी हो जाता है। ऐसे में उसे वनतारा भेजना उसके लिए जोखिमभरा कदम होगा। इंदौर में उसे एक सुरक्षित और परिचित माहौल मिला हुआ है, जहां विशेष टीम उसकी लगातार निगरानी करती है। यादव ने बताया कि मोती को ऐसे वातावरण में रखा गया है जहां उसे किसी प्रकार की परेशानी न हो। वह अकेलापन महसूस न करे, इसके लिए उज्जैन से एक मादा हाथी लाने की योजना भी बन रही है। इंदौर चिड़ियाघर में रहने वाले मोती को लेकर पहले भी कई बार चर्चा हो चुकी है। उसका व्यवहार कई बार गुस्सैल हो जाता है और वह खुद को या कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर चुका है।

# गुगल मेप की होगी छुट्टी, स्वदेश ऐप की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● वाट्सएप का स्वदेशी राइवल एलिटल को माना जा रहा है। पिछले हफ्ते से लगातार ये ऐप सुर्खियों में बना हुआ है। अब बारी है स्वदेशी गुगल मेप राइवल मेप्पल्स की जो अमेरिकी मेप्स को टक्कर दे सकता है।

रेलवे मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने अमेरिकी माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट के बाद से भारत की प्राइवेट कंपनी सीई इंफो सिस्टम के शेयर्स 10।7 फीसदी चढ़े। दरअसल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ङ्क पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस पोस्ट



में उन्होंने लिखा है स्वदेशी मेप्पल्स बाय मेपमीइंडिया गुड , गुड फ्यूचर मस्ट ट्राय। वीडियो में कह रहे हैं कि वो मेप्पल्स की टीम से मिले हैं और इस मैप में कई खासियते हैं।

मेप्पल्स की तारीफ करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ओवरब्रीज और अडरपास आता है तो वहां पे एक थ्री डायमेंशनल जंक्शन व्यू आता है। किसी बिल्डिंग में मल्टिपल फ्लोर्स हैं तो भी ये मैप बताता है कि किस शॉप में जाना है। लोगों को भी इसे ट्राई करना चाहिए। अश्विनी वैष्णव ने ये भी कहा है कि जल्दी ही रेलवे और मेप्पल्स के बीच रूश्च साइन किया जाएगा ताकि जितने भी अच्छे फीचर्स इस सर्विस में दिए गए हैं उसे यूज किया जा सके। गौरतलब है कि मेपमीइंडिया भारत की कंपनी है और इसकी पेरेंट कंपनी का नाम सीई इंफो सिस्टम है।

# देर रात केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में आधी रात को अचानक अफ़रा-तफ़री मच गई। क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार रात के करीब 1.30 बजे एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग का काला धुआं इतनी ऊपर तक उठा की करीब 7-8 किलोमीटर की दुरी से भी उसे देखा जा सकता था। भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद एमपी में एक और बड़ा हादसा, ढ्ढठ्ठस्रशह्म्द्ग के केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, दूर तक महसूस हुए ब्लास्ट के झटके



बता दें की इस फैक्ट्री में एक्सप्लोसिव पदार्थ भरे पड़े थे। आग लगने के कारण उसमे ब्लास्ट होना शुरू हो गया, जिस वजह से इस आग ने विशाल रूप ले लिया। फ़िलहाल अभी तक कोई भी जान माल के हानी या किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। दमकल विभाग की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। पुलिस की टीम आस-पास के रहवासियों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है की जब यह आग लगी तो उस फैक्ट्री में बथेरो गैस सिलिंडर और एक्सप्लोसिव पदार्थ थे, जिस वजह से उसमे ब्लास्ट भी होने लगा। ये ब्लास्ट इतने भयानक थे की करीब 200 से 300 मीटर की दुरी तक घरों में इसके झटके महसूस हुए। मौके पर फ़िलहाल 4 से 5 वाटर टैंकों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन घंटों कोशिश करने के बाद भी आग कम नहीं हुई। फ़िलहाल और भी गाड़ियों को बुलाया गया है।

# प्रदेश के भाजपाई बिहार में करेंगे चुनावी प्रबंधन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र भाजपा के 10 से ज्यादा दिग्गज नेता इन दिनों बिहार चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रदेश के नेताओं को अलग-अलग विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश के जिन नेताओं को बिहार चुनाव में जिम्मेदारी मिली है, वे सभी नेता बिहार में ही संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। प्रदेश के ये नेता दीपावली पर भी दो दिन पहले अपने घर आएंगे और दीपावली के बाद फिर बिहार पहुंच जाएंगे। जिन बड़े नेताओं को बिहार चुनाव में लगाया गया है। उनमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री




अरविंद मेनन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत कई प्रदेश सरकार के मंत्री और अन्य नेता शामिल हैं। ये वे नेता हैं जिन्हें चुनाव प्रबंधन में माहिर माना जाता है।

**इन नेताओं की लगी चुनाव में ड्यूटी**-बिहार में विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश के दिग्गज नेताओं की तैनाती बिहार की अलग-अलग विधानसभाओं में की गई है। एमपी बीजेपी के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पांच जोन में बांटा है। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को मिथिला और तिरहुत जोन में 12 जिलों की 50 सीटें और 10 लोकसभा सीटें कवर करनी है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा बेगूसराय क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल को सारण और चंपारण क्षेत्र की करीब 45 विधानसभा सीटों का जिम्मा मिला है।

### प्रदेश से जुटाई गई है बिहारी वोटर्स की जानकारी

मप्रप्रदेश भाजपा ने बिहार चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर तैयारी एक महीने पहले से शुरू कर दी थी । राजधानी सहित प्रदेश के कई शहरों में बिहारी वोटर्स रहते हैं। मप्र में रहने वाले बिहार के वोटर्स की जानकारी भाजपा के कार्यकर्ता और नेता जुटा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को इनके घर-घर जाने की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा कार्यकर्ता मप्र में रहने वाले बिहारी वोटर्स के मोबाइल नंबर तक लिए जा रहे हैं। इन मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। इनकी पूरी सूची बिहार चुनाव में तैनात मप्र के नेताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद ये नेता बिहार के मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उन्हें बिहार चुनाव में वोट डालने के लिए आमंत्रित करेंगे। बिहार चुनाव में भाजपा अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए यह काम किया जा रहा है।

# पहले लगाए सीसीटीवी कैमरा फिर बनेगा परीक्षा केन्द्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल बड़ा नवाचार करने जा रहा है। अब हर परीक्षा केन्द्र को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरूआत में दो सौ परीक्ष केन्द्रों को चुना गया है। यह ऐसे स्कूल हैं, जिनमें पूर्व के दौरान नकल हुई या फिर भविष्य की संभवनाएं हैं। ऐसे स्कूलों को बोर्ड ने चिन्हित किया है। अब इनमें अगले दो माह में सीसीटीवी स्कूल संचालकों को कैमरे लगाना बोर्ड की कार्यपालिका ने तय किया है कि जब कैमरे फिट हो जाएंगे। तभी यहां पर परीक्षा केन्द्र बनाने पर अनुमोदन किया जाएगा। मंडल का कहना है कि पुराने रिकॉर्डों का अनुभव र उन स्कूलों में कैमरे लगाये जा रहे हैं, जो पहले संवेदनशील और अतिसंवेदनशील रहे हैं। नकल के मले ज्यादा दर्ज हुए हैं। इनमें दिसंबर तक कैमरे लगाना होंगे। यह ऐसे स्कूल हैं, जिनमें सालों से परीक्षा केन्द्र निर्धारित होते रहे हैं, लेकिन नकल के प्रकरण भी बनते रहे हैं। तभी इन संस्थाओं में केन्द्र बनाने की रिपोर्ट भेज पाएगी, जब इनमें कैमरे लगे होंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### होलकर साइंस कॉलेज में CMCLDP सत्रारंभ पर्व का आयोजन




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद्, विकासखंड इंदौर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) के सत्रारंभ पर्व का आयोजन होलकर साइंस कॉलेज, इंदौर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात् विकासखंड समन्वयक प्रवेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय प्रस्तुत किया। स्वदेशी अपनाएं, देश का धन देश में ही रहे– संगोष्ठी में गूंजा स्वावलंबन का संदेश कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं श्रीमती गीता कुशवाह, नगर मंत्री, पिछड़ा वर्ग महिला मोर्चा (भाजपा)। विशिष्ट अतिथियों में दिनेश चौधरी एवं राजेश सिसोदिया, दोनों समाजसेवी एवं मास्टर ट्रेनर, राज्य आनंद संस्थान, उपस्थित रहे।

### श्री महालक्ष्मी चक्र साधना यज्ञम में वेद मंत्रों का पूजन किया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कार्तिक मास में श्री आनंद धाम आश्रम संस्थान द्वारा हीरा नगर मेन रोड स्थित मां सावित्री गार्डन में आयोजित श्री महालक्ष्मी चक्र साधना यज्ञम में संत गुरुदेव विवेक महाराज के पावन सानिध्य में 151 जोड़ो ने महालक्ष्मी जी का पूजन अर्चन किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी अंकुश झवर ने बताया कि रविवार को शाम 4 बजे से आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आचार्य पंडितों की उपस्थिति में संत विवेक महाराज के पावन सानिध्य में तकरीबन 2 घंटे तक मंत्रों के बीच श्री महालक्ष्मी चक्र साधना यज्ञम में 151 जोड़ो ने महालक्ष्मी जी का पूजन अर्चन किया। मंत्र गूंजे। भक्तों ने पूजन करके जीवन में शांति, समृद्धि और साधना का प्रकाश प्रवाहित हो की कामना की। संत विवेक महाराज ने कहा कि श्री महालक्ष्मी चक्र साधना यज्ञम में सुख समृद्धि की कामना की गई। इस यज्ञम में हर भक्त का संकल्प पूरा होगा। सिद्धार्थ बर्वे ने यज्ञम की जानकारी साझा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### पर्यावरण को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस की गई



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी रहवासी संघ इंदौर में समाजसेवी श्रीमती सीमा दीपक जेसवानी रहवासी संघ की सक्रिय कार्यकर्ता है। श्रीमती सीमा जेसवानी ने बताया की हम विशेषकर पेड़ों का सरंक्षण करते है शहर की हर गली सड़क बगीचे मार्केटों सहित इंदौर की हर गली को पेड़ों से श्रृंगार करना है। हरियाली में बैंगलोर की तर्ज पर पूरा शहर हरा भरा करना है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने शहरवासियों को पर्यावरण का संदेश दिया।

### इस बार दिवाली होगी और भी स्वादिष्ट , तरुण मंच ला रहा है दिवाली फराळ जत्रा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 18 और 19 अक्टूबर को दीवाली के स्वादिष्ट व्यंजनों का मेला लता मंगेशकर सभागृह पार्किंग परिसर में, जहां बनेगी इंदौर की सबसे बड़ी रंगोली और आपको मिलेगा व्यंजनों का स्वाद और खरीदारी का मौका, आज ही स्टॉल बुक करें एकदम नि:शुल्क। इस दिवाली आप के लिये है सुनहरा मौका आपके द्वारा घर पर बनाये हुए दिवाली फराळ के मराठी व्यंजनों को आप फराळ जत्रा के माध्यम से ग्राहको तक पहुंचाये।

# संस्था वाले ले जाते हैं एम्बुलेंस, परेशानी हमें आती है, कलेक्टर बोले– मैं कहूं तब भी मत देना, करेंगे व्यवस्था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कलेक्टोरेट में सोमवार दोपहर हुई एक बैठक में अधिकारी भी उस समय चौंक गए जब स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि सर एम्बुलेंस की परेशानी है। जो रुटीन में चल रही हैं, वह तो ठीक है, लेकिन आए दिन आयोजनों में एक एम्बुलेंस 7 से 10 दिन तक खड़ी रहती है। हमें परेशानी होती है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने पूछा– कौन बोलता है। इस पर जवाब मिला सर सभी का दबाव आता है। कई बार लेटर कलेक्टर कार्यालय से ही आ जाता है। इस पर कलेक्टर बोले– अब मैं भी बोलूं तो भी नहीं देना एम्बुलेंस, केवल एमरजेंसी के लिए ही रहेगी। निजी संस्थाओं को चाहिए तो उन्हें दूसरी जगह से बुलाकर देंगे। अफसरों ने बताया, इंदौर में हर महीने धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक आयोजन होते हैं। एक साथ कई आयोजन भी होते हैं और 8 से 10 दिन एम्बुलेंस का कोई उपयोग नहीं होता।

दरअसल, बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अमले और संसाधनों पर बात हो रही थी। इससे पहले सीएमएचओ द्वारा सीएम हेल्पलाइन के केस में लापरवाही पर जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन बोले कि रुटीन वर्क इज पूअर...। सीईओ ने कहा भी कि अमले से तो काम करवाओ। बैठक में अलग–अलग बीमारियों से जुड़े आंकड़े रखे गए थे। हालांकि आंकड़ों से कलेक्टर और सीईओ दोनों ही खुश नहीं थे। कलेक्टर को कहना पड़ा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को गंभीरता से लें। क्षय रोग मरीजों को अस्पताल आने से पहले ही चिह्नित कर लें। क्षय रोग मरीजों के परिजन के साथ–साथ उनके संपर्क में आने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाए। जिले में क्षय रोग के हॉट स्पॉट पर अधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें।

**स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला, बाल विकास समन्वय से काम करें**–कलेक्टर ने जिले में चल रहे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन, अंधत्व निवारण, टीकाकरण, कुपोषण नियंत्रण केंद्र, बाल व महिला मृत्यु दर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले की प्रगति रिपोर्ट भी देखी। फिर कहा कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और महिला व बाल विकास विभाग समन्वय से काम करें। अधिकारी मैदान में जाकर काम देखें और सतत मॉनिटरिंग करें। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय और रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेंद्र जैन, रजनीश सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्नी को बच्चे की हत्या के लिए उकसाया, पति पर हत्या जैसी धारा, हो सकता है आजीवन कारावास

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • राऊ स्थित न्यू ब्रज विहार कॉलोनी में हृदय विदारक एसिड कांड में पुलिस ने पति को जेल भेज दिया है। उसकी यातनाओं, तानों से प्रताड़ित होकर पत्नी ने बेटे व खुद पर एसिड डालकर जान दे दी थी। संवेदनशील घटना पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या जैसी समानांतर धाराओं में के दर्ज किया है। यदि जुर्म साबित होता है तो वह आजीवन जेल में रहेगा। टीआई राजपाल सिंह राठौर के अनुसार 9 अक्टूबर को कैलाश पटेल की पत्नी सुमन (23) ने खुद पर व अपने 5 माह के बेटे प्रथम पर एसिड डाल लिया था। इसमें बच्चे की वहीं मौत हो गई थी, जबकि सुमन ने अस्पताल में अगली सुबह दम तोड़ा था। ये धाराएं  85, 108, 103, 49, धारा 85, 108, 103, 49 बीएनएस 2023 में केस दर्ज किया है। धारा 85 में पति या रिश्तेदारों द्वारा की गई क्रूरता आती है। इसमें शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न शामिल है। यह धारा दहेज की मांग और क्रूरता को अपराध मानती है। दोषी को तीन साल तक की कैद। बीएनएस की धारा 108 – किसी को आत्महत्या करने के लिए कहना। उसे ऐसा करने के लिए मजबूर करना। लगातार आत्महत्या का सोचने पर मजबूर करना। दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष तक का कारावास। बीएनएस की धारा 103,49 – टीआई के अनुसार बीएनएस की धारा 103 हत्या के क्लाज में आती है, लेकिन यहां 103 के साथ 49 लगी है। इसका मतलब है हत्या के लिए दुष्प्रेरित करना। आरोपी ने बेटे को मारने के लिए पत्नी को इतना उकसाया कि वह कर बैठी।

## 1 लाख 1 हजार की राशि पत्रकार कल्याण कोष में पटेल द्वारा देने की घोषणा




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

### इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का हुआ भव्य अभिवादन

**इंदौर** • श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों का सम्मान एवं मीडिया का अभिवादन किया गया। इस अवसर पर इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम की मांग पर अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने 101101 की राशि पत्रकार कल्याण कोष में देने की घोषणा की। पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूरा पटेल परिवार पत्रकार परिवार के लिए हमेशा खड़ा रहेगा। मेरे पिता पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल भी हमेशा पत्रकारों के लिए हर संभवन मदद के लिए तत्पर रहते थे।

जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता एवं संचालनकर्ता मदन परमालिया ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर इन्दौर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी दीपक कर्दम, संजय त्रिपाठी, प्रियंका पाण्डे, प्रदीप जोशी, अभिषेक चंडके, मुकेश तिवारी, पुनम शर्मा, प्रमोद दीक्षित, अभय तिवारी, अंशल मुकाति, श्याम कामले, विजय भट्ट को सम्माति किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत राधेश्याम पटेल, विनोद सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी, जगदीश जोशी, नरेन्द्र सूर्यवंशी, मिथिलेष जोशी, मनोज पाटीदार आदि ने किया।

## ड्रायवर के कंट्रोल खोने से हुआ हादसा ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 3 की मौत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए। ये हादसा सांवेर में चंद्रावतीगंज के पास सोमवार शाम को हुआ है।

घायलों को सांवेर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटनास्थल पर एम्बुलेंस को भेजा गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर के एमवाय अस्पताल और अरविंदो अस्पताल को अलर्ट रहने को कहा है। सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी ने कहा है कि टीम अलर्ट मोड पर है।

एएसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक मोड़ आने पर ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुछ लोगों को इंदौर के अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया है।

**दो की मौत, एक ने रास्ते में दम तोड़ा**–इस हादसे में जानी बाई (उम्र 40 साल) और कमला बाई (उम्र 50 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। एक नाबालिग की घटनास्थल से अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई।

**खेतों के काम करके लौट रहे थे मजदूर**– चंद्रावतीगंज थाना पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर–ट्रॉली में मजदूर सवार थे। जो चंद्रावतीगंज के नजदीक रतन खेड़ी गांव से खेतों में काम करके वापस अपने घर बीबी खेड़ी और हरिया खेड़ी जा रहे थे। तभी बीबी खेड़ी और रतन खेड़ी के बीच में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई।

**प्रत्यक्षदर्शी ये बोले**–राहुल चौधरी ट्रैक्टर में 25 से ज्यादा लोग बैठे थे। जिस जगह हादसा हुआ है वहां पर टर्निंग था। जब ट्रैक्टर मोड़ पर घूम रही था इसी दौरान किसी बच्चे ने हाइड्रोलिक का लिवर दबा दिया। इसे देख ट्राली में बैठी महिलाएं चिल्लाने लगी। महिलाओं की आवाज सुनकर ड्राइवर भी पीछे की तरफ देखने लगा। इसी दौरान उसका नियंत्रण खो गया और ट्रैक्टर पलट गया।

**गणेश चौधरी**– रतन खेड़ी से सभी मजदूरी करके वापस अपने गांव बीबी खेड़ी पहुंच गए थे। गांव में इंटर करने के दौरान ही हादसा हो गया। जब ट्रॉली खेत में पलटी तो वहां पर पानी भरा हुआ था। जिन महिलाओं और एक बच्ची की मौत हुई है। वह सभी खेत के कीचड़ में दब गई थीं।


**मंत्री सिलावट इंदौर के लिए रवाना**–सांवेर से विधायक और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट इस घटना की जानकारी मिलते ही भोपाल से इंदौर के लिए रवाना हो गए। उन्होंने अपने सभी तय कार्यक्रम निरस्त कर दिए। वे सीधे इंदौर के अरबिंदो अस्पताल पहुंचेंगे और सभी घायलों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न आने पाए।

# रोजगार मेले में 162 युवाओं को मिला रोजगार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश शासन और इंदौर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदकों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के सामूहिक प्रयास से सोमवार को संयुक्त रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया।

यह आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंदा नगर में सम्पन्न हुआ। इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 22 कंपनियों के 500 विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर रोजगार और अप्रेंटिसशिप हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया।



जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक पीएस मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 294 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से कुल 162 (133 युवक एवं 29 युवतियों) का प्रारंभिक रूप से फार्मासिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, टर्नर, ऑपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में जिला उद्योग केंद्र के मैनेजर द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 20 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। शासन की अप्रेन्टिशिप योजना अंतर्गत 09 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये। उक्त कार्यक्रम तीनों विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों की सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न कराया। संभागीय आईटीआई के प्राचार्य जी.एस. शाजापुरकर ने आभार व्यक्त किया।

## बच्चों को 250 किट्स वितरित किए



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को इंग्लिश भाषा विशेषकर स्पोकन इंग्लिश में प्रवीण बनाने के उद्देश्य से *रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स*ने अभिनव शुरूआत की है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों के हाई स्कूल के विद्यार्थियों को 3000 इंग्लिश किट एक साथ में स्कूल बैग भी प्रदान किए जाने हैं। इसका आरम्भ विजयनगर हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 9 एवं 10 के बच्चों को 250 किट्स वितरित किए गए। क्लब के अध्यक्ष भानु तपाड़िया ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया व कहा कि मंडल के 3000 विद्यार्थियों को यह किट्स वितरित किये जाएंगे।

## कर्नाटक में फरारी काट रहा था एडवाइजरी कंपनी का मास्टरमाइंड 5 करोड़ 70 लाख की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को पकड़ा है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एडवाइजरी में रुपए दोगुने करने के नाम पर कई लोगों के साथ ठगी की थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया और आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। अभी उससे पूछताछ की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक रेखा सोलंकी, जितेन्द्र पाटीदार और सिराज खान ने स्टेज वन और सनराइज फर्म द्वारा लाखों रुपए पर प्राफिट देने के नाम पर गुलाम मोईनउद्दीन पुत्र एमडी माविया निवासी रायचूर वेस्ट कनार्टक से ठगी करने की शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि आरोपी की फर्म ने कई लोगों से करीब 5 करोड़ 70 लाख की ठगी की है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने उसकी तलाश की। जिसमें वह लोकेशन बदलता रहा। टीमें बनाकर कर्नाटक में दबिश दी गई। जिसमें गुलाम पकड़ा गया। आरोपी ने बताया कि वह कर्नाटक से ही पूरी कंपनी को चलाता था। इसमें उसने देशभर में कई लोगों को अपने साथ रखा हुआ था। वह लोगों को मुनाफा देने की बात पर उनके साथ ठगी कर अपने नंबर बंद कर लेता था। क्राइम ब्रांच के अफसर उसके अन्य अपराधों को लेकर जानकारी निकाल रही है।

## एसटीपी प्लांट का निर्माण दे रहा कछुए की चाल को मात, नोटिस जारी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** •इंदौर में सिंहस्थ के हिसाब से कई काम हो रहे है। जिस शिप्रा नदी में लोग अमृत स्नान करते है। उसे दूषित होने से बचाने के लिए इंदौर में एसटीपी प्लांट बनाए जा रहे है। इंदौर की कान्ह नदी से ही शिप्रा सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है, लेकिन कबीटखेड़ी में बन रहे 160 एमएलडी के प्लांट की निर्माण की मंद गति देखकर निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव नाराज है। उन्होंने शोकाज नोटिस कंपनी को जारी किया है। यह भी कहा गया है कि कार्य में गति नहीं आने पर ब्लैक लिस्ट करने का फैसला भी लिया जा सकता है।

निगमायुक्त ने कार्य की गति धीमी होने से गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई साथ ही कंसल्टेंट एजेंसी से भी जवाब तलब किया। निर्माण समय पर पूरा करने करने के लिए श्रमिक व संसाधन बढ़ाने को भी कहा गया है। एजेंसी को कहा कि जो कार्य समय सीमा में नहीं हो पाया है उसे दो शिफ्टों में करें। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत 416 करोड़ रुपये की लागत से इंदौर शहर में तीन स्थानों एसटीपी प्लांट निर्माणाधीन है।

## कफ सिरप मामले में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • छिंदवाड़ा में जहरीला कफ सिरप पीने पर 23 बच्चों की मौत के विरोध में कांग्रेस ने किया अनोखा प्रदर्शन उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री राजेश शुक्ला को बताया नरभक्षी की इस्तीफे की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव गिरीश जोशी के नेतृत्व में आज रीगल चौराहे पर अनोखा प्रदर्शन किया गया 23 मासूम बच्चों की छिंदवाड़ा में हुई मौत जो की जहरीले कफ सिरप पीने के कारण हुई थी और उसके बाद मध्य प्रदेश सरकार स्वास्थ्य मंत्री को तत्काल अपनी जिम्मेदारी को लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए मगर यह सरकार नरभक्षी हो चुकी है यह सरकार अमानवीय भी हो चुकी है यह सरकार में संवेदनाएं मर चुकी है इतनी बड़ी घटना के बाद भी मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री इस्तीफा नहीं दे रहे हैं इसलिए आज एक अनोखा प्रदर्शन किया गया रीगल चौराहे पर नर मुंडो की माला पहनकर सांकेतिक रूप से बताया की लाशों पर राजनीति करने वाली भाजपा की सरकार है और यह सरकार के मंत्री उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए आज अनोखा प्रदर्शन किया गया।

## अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा ने किया सम्मान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कैसरबाग स्थित अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा पर महानिर्वाणी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज पधारे उन्होंने आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण किया। महाराजश्री की अगवानी युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी ने की, सैकड़ों भक्त उमड़े। सोमवार सुबह आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज का भक्तों ने फूलों की पंखुड़ियां वर्षा कर महाराज श्री का स्वागत किया। महाराज श्री ने वेद मंत्रों के बीच आदि गुरु शंकराचार्य जी का पूजन अर्चन कर मालार्पण किया।



सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

# इंदौर में पुलिस और ट्रांसपोर्ट यूनियनों की बैठक अधिकारी बोले- ड्राइवर नशे में गाड़ी न चलाएं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सोमवार को पुलिस अधिकारियों ने शहर के बस और ट्रांसपोर्ट यूनियनों के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में एडिशनल सीपी आर.के. सिंह और डीसीपी आनंद कलादगी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक को संभालने में यूनियनों ने जो मदद की है, वह बहुत सराहनीय है।शुरुआत में ट्रैफिक बहुत ज्यादा था, लेकिन अब स्थिति में सुधार हुआ है और गाड़ियां सही तरीके से चल रही हैं।



### बैठक में पुलिस अधिकारियों मिले जरूरी निर्देश

- सभी बस और ट्रक मालिक यह जरूर जांच लें कि उनके ड्राइवर के पास सही लाइसेंस (मीडियम या हेवी व्हीकल का), फिटनेस सर्टिफिकेट और रूट परमिट हो।
- जिनके पास सिर्फ हल्की गाड़ी (फोर व्हीलर) चलाने का लाइसेंस है, वे कभी भी बस या ट्रक न चलाएं।
- केवल उन्हीं गाड़ियों को चलाएं जो पूरी तरह फिट हैं और सरकार से मंजूर रूट पर ही चलें।
- कोई भी ड्राइवर नशे की हालत में गाड़ी न चलाए, और गाड़ी में ज्यादा माल न भरे।
- सड़कों पर रेस या मुकाबला जैसी चीजों से बचें।इससे हादसे बढ़ते हैं और पुलिस कार्रवाई होगी।
- बसें और ट्रक सिर्फ तय किए गए स्टॉप पर ही रुकें।सड़क पर कहीं भी गाड़ी रोकना मना होगा।
- शहर के मुख्य बस स्टॉप और सड़कों पर पुलिस, ट्रैफिक विभाग और आरटीओ की टीम मिलकर जांच करेंगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रबी सीजन और दीपावली पर आपूर्ति के संबंध में गंभीरता रखे: सिंह

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को विभागाध्यक्षों एवं अधीक्षण यंत्रियों की मिटिंग ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी रबी सीजन और दीपावली त्योहार पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था संचालन में मानिटरिंग करे, तकनीकी व्यवधान की स्थिति हो तो कम से कम समय में सुधार कार्य किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि रबी सीजन प्रारंभ होने की स्थिति बन चुकी है, रबी सीजन के प्रारंभ, सीजन के अधिकतम लोड आने पर शासन के आदेशानुसार कृषि क्षेत्र को पर्याप्त आपूर्ति की जाए। प्रबंध निदेशक ने पीएम जुगा योजना में मजरे, टोलो को समय पर रोशन करने, कृषि उपभोक्ताओं से समय पर बकाया बिल राशि वसूलने, गांवों में पक्के घरों पर समय पर मीटर लगाने, शासकीय कार्यालयों पर प्रीपेड बिजली वितरण व्यवस्था में प्रगति लाने, नए कनेक्शन समय पर देने, ट्रांसफार्मर फेल रेट घटाने के लिए सघनतम प्रयास करने, समय सीमा प्रकरणों पर तुरंत कार्रवाई करने, सीएम हेल्प लाइन एवं 1912 पर दर्ज शिकायतों के समय पर समाधान करने इत्यादि विषयों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



### लायंस के रीजन-3 की बहनों ने करवा चौथ महोत्सव में शामिल होकर जीते अनेक पुरस्कार



**इंदौर** ● लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 रीजन-3 द्वारा करवा चौथ महोत्सव की श्रृंखला में रीजन चेयरपर्सन मंजूलता मंडलोई के मार्गदर्शन में विभिन्न रंगारंग स्पर्धाओं का आयोजन साउथ तुकोगंज स्थित होटल साउथ एवेन्यू में किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रीक्ट की प्रथम लायन महिला श्रीमती ममता-अनिल खंडेलवाल, सुनीता बियानी , मनजीत कौर भाटिया, प्रीति बंसल, श्वेता जोशी तथा ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मोनिका शर्मा सहित लायंस एवं विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने दिलचस्प गेम्स में शामिल होकर करवा चौथ की महत्ता पर मंथन किया। करवा चौथ आधारित तंबोला भी खेला गया। डांस, मस्ती, धमाल के बीच बेस्ट करवा चौथ क्वीन, बेस्ट चूड़ा, बेस्ट झुमका, बेस्ट पूजा थाली, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट चलनी जैसी स्पर्धाएं भी रखी गई। लकी ड्रा में भी महिलाओं ने पुरस्कार जीते। संचालन रिचा वाधवानी ने किया और आभार माना वीणा रावल ने। रीजन चेयर पर्सन मंजूलता मंडलोई ने अतिथियों के साथ स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित



**इंदौर** ● केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के लोकतंत्र सेनानियों को विदिशा में सोमवार को आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में आमंत्रित कर उन्हें शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष एवं मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा 'आदित्य ' ने बताया कि इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष तपन भौमिक, जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक मुकेश टंडन, सूर्य प्रकाश मीणा एवं पूर्व सांसद मेघराज जैन भी उपस्थित थे, जिन्होने संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, जिला महामंत्री गोपाल दास अग्रवाल एवं प्रहरी संघ के संभागीय संयोजक विपिन शेखावत को भी सम्मानित किया। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के मुख्य आतिथ्य में इस मौके पर इंदौर से पहुंचे सेनानियों को मंच पर आमंत्रित कर चौहान एवं अन्य नेताओं ने सम्मानित किया।

## 24 घंटे 6 मिनट तक रहेगा पुष्य नक्षत्र, आज से शुरू-शुभ मुहूर्त पर लोग करेंगे खरीदारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● 14-15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र रहेगा। इन दोनों दिनों में लोग सोना-चांदी, बर्तन, संपत्ति, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गाड़ी सहित कई वस्तुएं की खरीदी करेंगे। पुष्य नक्षत्र को लेकर बाजारों में तैयारियां की जा चुकी है। शुभ मुहूर्त पर लोग खरीदारी करेंगे। ज्योतिष जानकारों की माने तो पुष्य नक्षत्र मंगलवार को 11.54 बजे से बुधवार दोपहर 12 बजे तक यानी 24 घंटे 6 मिनट तक रहेगा।

### 14 अक्टूबर मंगलवार

- सुबह 11.54 से दोपहर 12.10 तक (लाभ)
- दोप. 12.11 से दोपहर1.36 तक (अमृत)
- शाम 7.29 से रात 9.03 तक (लाभ)
- रात 10.36 से रात 12.10 तक (शुभ)
- अभिजीत मुहूर्त (सुबह 11.54 से दोपहर 12.34 तक)

### 15 अक्टूबर बुधवार

- सुबह 6.24 से सुबह 7.50 तक (लाभ)
- सुबह 7.51 से सुबह 9.17 तक (अमृत)
- सुबह 10.43 से दोपहर 12.00 तक (शुभ)

### दो दिन खरीदारी के लिए शुभ

ज्योतिषाचार्य पं.मनीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पूरा दिन खरीदारी के लिए अच्छा है। पुष्य नक्षत्र पर सोना खरीदने का बड़ा महत्व है। पुष्य नक्षत्र 14 अक्टूबर को 11.55 बजे से शुरू होगा और बुधवार को 12 बजे तक रहेगा। दो दिन खरीदारी के लिए शुभ रहेंगे।

सोना अगर नहीं खरीद पाए तो खड़ी हल्दी की गांठ खरीदना। कई व्यापारी पुष्य नक्षत्र पर बहीखाते भी खरीदते है। उनके लिए बहीखाते खरीदने का समय सुबह 11.54 के बाद दिनभर अच्छा रहेगा।

पुष्य नक्षत्र के दिन शाम को अपनी कुलदेवी-कुलदेवता का समर्पण करके घर पर घी का दीपक प्रज्जवलित करने से सभी प्रकार के कर्ज उतरते है और नए पैसे का आगमन होता है। पुष्य नक्षत्र के दिन सोना-चांदी, पीतल का बर्तन, घर के बर्तन, धातु, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जमीन, रोजमर्रा के उपयोग की वस्तु को खरीद सकते है। पुष्य नक्षत्र के दिन विद्यार्थी पुस्तकें खरीदे इससे सरस्वती मां की कृपा उन पर वर्षभर बनी रहती है।

## सड़क हादसों पर फूटा ग्रामीणों का आक्रोश, कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि, सुरक्षा व्यवस्था की मांग तेज




**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गांव में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है। हाल ही में हुई दो दर्दनाक घटनाओं में गांव के दो युवाओं की असमय मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। इन हादसों के विरोध और मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए ग्रामीणों ने एक भावुक कैंडल मार्च और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर सड़कों पर उतरे और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की। ग्रामीणों ने हादसों के लिए लापरवाह यातायात और अधूरी बुनियादी सुविधाओं को जिम्मेदार ठहराया।ग्रामीणों की प्रमुख मांगें-गांव के दोनों छोर पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके। बेटमा-देपालपुर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की जाए ताकि रात के समय दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव के पटवारी राकेश श्रीवास्तव और तहसीलदार श्री चौकसे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 से 14 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी।

## शालेय राज्य स्तरीय बाल रंग महोत्सव का आयोजन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● संचालक लोक शिक्षण भोपाल मध्यप्रदेश के निर्देशन में राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण वह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय गतिविधियों में मुख्य रूप से वाद विवाद, तात्कालिक भाषण, प्रश्नमंच, स्वरचित काव्यपाठ, पाठ्य पुस्तक आधारित कविता पाठ , निबंध कनिष्ठ एव वरिष्ठ, वर्ग की रखी गई हे। जिसमें प्रदेश के सागर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, रीवा, जबलपुर, होशंगाबाद, के संभाग के चयनित प्रतिभागी लगभग 350 एवं मार्गदर्शक शिक्षक शामिल हुए। विभिन्न प्रतियोगिता के लिए अलग अलग कक्षों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। पूरे प्रदेश से आए प्रतिभागियों के लिए



आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। अतिथियों का स्वागत श्रीमती अनिता चौहान, जेडी लोक शिक्षण संभाग इंदौर श्रीमती किरण बाला चौहान सहायक संचालक श्री के एस डावर सहायक संचालक, श्रीमती डॉक्टर शांता स्वामी भार्गव, श्रीमती पूजा सक्सेना प्राचार्य बाल विनय मंदिर, श्रीमती सुनैना शर्मा ने पुष्पहारों से स्वागत किया। सांय को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि द्वारा चयनित बच्चो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## अवैध धर्मान्तरण को रोकने हेतु संगठन रूपी देवी शक्ति को जन-जन तक पहुंचाना होगा

- संजय होलकर विश्व हिंदू परिषद प्रांत धर्मप्रसार सहप्रमुख ने कहा
- विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रचार प्रमुख अन्नु गेहलोत ने बताया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● धर्मप्रसार के प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस पर उ?द्घाटन सत्र में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विहिप के प्रांत अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना जिन उद्देश्यों को हुई उसमें धर्मप्रसार विभाग के द्वारा धर्मातरण को रोकना और धार्मातरित हुए हिन्दूओं की घर वापसी करना यह लक्ष्य था। उन्होंने अपने उद्?बोधन में विश्व हिन्दू परिषद संगठन की संरचना को समझाते हुए देश भर में विश्व हिन्दू परिषद के कार्य की स्थिति को बताया। इसी प्रकार प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव ने भी कार्यकर्ताओं को धर्मातरण को रोकने हेतु हमें क्या करना होगा समाज में जागृति लाना, धर्म संस्कृति का महत्व बताना साथ ही विश्व हिन्दू परिषद संगठन के हम सब कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जन जागरण करने का कार्य करेंगे जो बंधु हिन्दू धर्म को छोड़कर चले गये उन्हे पुन: घर वापस लाने का प्रयास करना। धर्म प्रसार के प्रांत सह प्रमुख संजय होलकर ने बताया कि संगठन के द्वारा जो चयनित जिले और प्रखण्ड है उनमें धर्मातरण रोकने का कार्य प्राथनिकता से करना, उनमें संगठन की टोली बनाकर अपने कार्य का विस्तार करना, सत्संग चलाना, धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न करना और सेवा कार्य खड़े करना । कार्यक्रम के समापन सत्र पर पुज्य संत कमलसिंह जी महाराज ने आर्शिवचन स्वरूप कार्यकताओं को सम्बोधित कर कहा कि आज धर्मातरण की जो चुनोति जो दी जा रही है इसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को इन चुनितियों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा



## कार्यालय नगर परिषद् देपालपुर जिला इन्दौर म.प्र.

**नामांतरण विज्ञप्ति नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत**

जावक क्रमांक/1495/राजस्व शाखा/2025 देपालपुर, दिनांक 02/09/2025

सर्व साधारण को एतद् विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगरीय सीमा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 15 तक स्थित भवन/भूमियों के नामांतरण हेतु दिनांक 01-09-2025 से 30-09-2025 तक आवेदन विभिन्न दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त हुए है, जिन व्यक्तियों/संस्था/अधिवक्ता/विभागों को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति हो वह सूचना जारी होने के 15 कार्यालयीन दिवसों में नगर परिषद् देपालपुर की नामांतरण शाखा में अपनी दावा आपत्ति दर्ज की जा सकती है। बाद अवधि प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही करते हुए नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत आगामी कार्यवाही की जावेगी। सूचित होवे।

| क्र. | मकान नंबर | क्रेता का नाम, पिता/पति का नाम | विक्रेता का नाम, पिता/पति का नाम | पता | नामांतरण आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 806/1 | मनुबाई परमार पिता स्व. रामचन्द्र परमार | रामचन्द्र पिता धीसाराम दर्जी | नेहरु मार्ग, वार्ड 8 | पंजीकृत वसीयत |
| 2 | 509 पैकी | मुख्तियार पिता इस्माईल पठान | गुलाम पिता अजमेरी खान | आजाद मार्ग, वार्ड 14 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 3 | 182/2 पैकी | साहिबा पति सादीक मंसुरी | अब्दुल हन्नान, अब्दुल मन्नान पिता अब्दुल सलाम फारुकी | आजाद मार्ग, वार्ड 2 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 4 | 182/2 पैकी | अनिशा बी पति वाहिद | अब्दुल हन्नान, अब्दुल मन्नान पिता अब्दुल सलाम फारुकी | आजाद मार्ग, वार्ड 2 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 5 | 150/7 | संदीप, राजन पिता कैलाश यादव | विजया पति स्व. कैलाश यादव | तिलक मार्ग, वार्ड 7 | पंजीकृत दानपत्र |
| 6 | 937/55 | सुनील पिता प्रकास परमार | हरिओम पिता पर्वतसिंह सोलंकी | शांति विहार कॉलोनी, वार्ड 8 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 7 | 693/222/1 | ललिता पति मुकेश चौहान | रीना पति लाखन पटेल | नक्षत्र सिटी कॉलोनी, वार्ड 7 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 8 | 547/35 | अनिता पति राम अवतार गुर्जर | रामुबाई पति मगनलाल सोलंकी | लीला रेसीडेंसी कॉलोनी, वार्ड 7 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 9 | 547/143 | ललिता पति मुकेश चौहान | रीना पति अखिलेश जामनिया | लीला रेसीडेंसी कॉलोनी, वार्ड 7 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 10 | 767 | सैय्यद अखलाख अली, शेर बानो, मेहफुजा, गैय्युर अली, स्व औसाफ अली मेहफुजा | अखलाक अली, नवाजीश अली पिता गयूर अली | लाला लाजपथ राय मार्ग, वार्ड 2 | मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 11 | 910 | मो.साबीर पिता कासम खां | शायराबानो पति कासम खां | नेहरु मार्ग, वार्ड 8 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत |
| 12 | 109/11 | मांनकुंवरबाई पति इन्दरसिंह सोलंकी | योगेन्द्र पिता रमणलाल जैन | महात्मा गांधी मार्ग, वार्ड 5 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 13 | 910 पैकी | मो.आजम पिता कासम खां | शायराबानो पति कासम खां | नेहरु मार्ग, वार्ड 8 | मृत्यु प्रमाण पत्र एव वसीयत |
| 14 | 910 पैकी | सिराज पिता कासम खां | शायराबानो पति कासम खां | नेहरु मार्ग, वार्ड 8 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत |
| 15 | 26/2. | जितेन्द्र पिता केसरीमल जैन | रतनबाई पति कैसरीमल जैन | तिलक मार्ग, वार्ड 12 | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत |
| 16 | 693/17 | विशाल पिता हरिराम गोस्वामी | अपूर्व पिता धन्नालाल जैन एवं प्रतीक पिता आजाद कुमार जैन | नक्षत्र सिटी कॉलोनी, वार्ड 7 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 17 | 937/180 | दिपक पिता सुरजसिंह बोडाना | दिपेश,राहुल पिता दिलीप मोदी | शांति विहार कॉलोनी, वार्ड 8 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 18 | 240/1 | उषा पति गोवर्धन परमार | लक्ष्मीबाई पति अनोखीलाल परमार | मगलेश्वर मार्ग, वार्ड 5 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 19 | 796 | कैलाश पिता बादामीलाल सोनी | मंजुबाई पति कैलाशचन्द्र सोनी | नेहरु मार्ग, वार्ड 10 | मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 20 | नवीन दर्ज | अमर पिता जितेन्द्र बाथम | बालाजी विहार कॉलोनी तर्फे प्रोपायटर | बालाजी विहार कॉलोनी, वार्ड 5 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 21 | नवीन दर्ज | सुशीला पति कैलाश | आमीलउल्ला पिता रउफउल्ला | नेहरु मार्ग, वार्ड 15 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 22 | नवीन दर्ज | सब्बीर, नुर, भय्यु पिता यासीन खा | हरिसिंह पिता रतनसिंह | नेहरु मार्ग, वार्ड 09 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 23 | नवीन दर्ज | देवीसिंह पिता रतनसिंह | रणजीत पिता अनोपसिंह कलौता | शिवाजी मार्ग, वार्ड 15 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 24 | नवीन दर्ज | रोहन पिता मोहनसिंह बडवाया | आशा पति मुकेश सोनी | नेहरु मार्ग, वार्ड 9 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 25 | नवीन दर्ज | रोहन पिता मोहनसिंह बडवाया | लाखन पिता सीताराम, भीमसिंह पिता शंकरसिंह | नेहरु मार्ग, वार्ड 9 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 26 | नवीन दर्ज | सुगनबाई पति दशरथ केवट | आमीलउल्ला पिता रउफउल्ला | नेहरु मार्ग, वार्ड 15 | पंजीकृत विक्रय लेख |
| 27 | नवीन दर्ज | रोहन पिता मोहनसिंह बडवाया | मुकेश पिता नंदकुमार सोनी | नेहरु मार्ग, वार्ड 9 | पंजीकृत विक्रय लेख |

**श्रीमती अनिता महेशपुरी गोस्वामी**
अध्यक्ष
नगर परिषद् देपालपुर

**श्री गोपाल कटेसरिया**
उपाध्यक्ष
नगर परिषद् देपालपुर

**मुख्य नगर पालिक अधिकारी**
परिषद्
जिला इंदौर ( म.प्र. )

## सम्पादकीय

### डूरंड रेखा को नहीं मानता है अफगानिस्तान, घुसपैठ को लेकर पाकिस्तान और तालिबान के बीच संघर्ष

दोनों देशों के आपसी विवाद की एक वजह सीमा पर 1893 में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान खींची गई 'डूरंड रेखा' भी है, जिसे पाकिस्तान मान्यता देता है, लेकिन अफगानिस्तान इसे अस्वीकार करता रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हाल में हुई हिंसक झड़पों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। वैसे दोनों ओर संघर्ष के मोर्चे इस तरह खुलने की यह पहली घटना नहीं है। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान का शासन कायम होने के बाद भी यह सिलसिला जारी है। गौर करने वाली बात यह है कि पाकिस्तान पहले जिस तालिबान का हितैषी कहलाता था, आज वह उनके खिलाफ ही खड़ा हो गया है। इसका कारण यह है कि पाकिस्तान अपने इलाके में हो रहे आतंकी हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) को जिम्मेदार मानता है और यह आरोप लगाता रहा है कि उसे अफगानिस्तान की मौजूदा तालिबान सरकार का संरक्षण प्राप्त है। दोनों देशों के सुरक्षाबलों के बीच संघर्ष की यह घटना ऐसे समय में हुई, जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत दौरे पर आए। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या पाकिस्तान को अफगानिस्तान का भारत के साथ मेलजोल बढ़ाना रास नहीं आ रहा है? दरअसल, पाकिस्तान के गठन के बाद से ही अफगानिस्तान के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं रहे हैं। वर्ष 1949 में आजाद पश्तूनिस्तान बनाने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की आदिवासी बस्तियों पर हमले किए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर हिंसक झड़पों का सिलसिला शुरू हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि जब से अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आई है, टीटीपी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। उधर, अफगानिस्तान का आरोप है कि पाकिस्तान के सुरक्षाबल बिना कारण उसके सीमा क्षेत्र में हवाई हमले कर रहे हैं। दोनों देशों के आपसी विवाद की एक वजह सीमा पर 1893 में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान खींची गई 'डूरंड रेखा' भी है, जिसे पाकिस्तान मान्यता देता है, लेकिन अफगानिस्तान इसे अस्वीकार करता रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान जिस तरह से भारतीय सीमा पर आतंकियों की घुसपैठ कराता है, उसी तरह के आरोप अब वह अफगानिस्तान पर लगा रहा है। बहरहाल, आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा या संघर्ष तेज होगा, यह देखने वाली बात होगी।

# डेथ केयर इंडस्ट्री : दिखावे के युग में शोक भी उत्सव

भारत – जहाँ कभी मृत्यु को जीवन के सत्य के रूप में स्वीकारा गया, जहाँ आँसुओं में भी आत्मा की शांति झलकती थी, जहाँ करुणा धर्म थी और सादगी संस्कार – आज उसी धरती पर शोक भी प्रदर्शन बन गया है। यह वही देश है, जिसने वसुधैव कुटुंबकम कहा, जहाँ मृत्यु को भी एक उत्सव माना गया – मृत्युं जयते – किंतु अब यह उत्सव आत्मा की मुक्ति नहीं, प्रतिष्ठा की प्रदर्शनी बन गया है।

### संवेदना से प्रदर्शन तक का सफर

कभी किसी के निधन पर लोग चुपचाप घर पहुँचते थे, परिवार का हाथ थामकर बस इतना कहते – हम तुम्हारे साथ हैं। आज वहीं दृश्य बदल गया है। मंच सजते हैं, माइक्रोफोन गूंजते हैं, एलईडी स्क्रीन चमकती हैं, और भोज के प्रबंध होते हैं। शोकसभा नहीं, मानो कोई सांस्कृतिक आयोजन हो रहा हो।

अब चर्चा मृत व्यक्ति की नहीं, बल्कि आयोजन की भव्यता की होती है – कितने लोग आए, कितना खर्च हुआ?

यह सोच धीरे-धीरे हमारी सामूहिक मानसिकता का हिस्सा बन चुकी है – अगर आयोजन सादा हुआ तो लोग क्या कहेंगे? यही भय हमें संवेदनाओं से दूर और आडंबर के करीब ले जा रहा है।

### प्राचीन भारत की सादगी, आधुनिक इंडिया का दिखावा

प्राचीन भारत में मृत्यु संस्कार दर्शन से जुड़े थे, प्रदर्शन से नहीं। वैदिक युग में अंतिम संस्कारों का उद्देश्य आत्मा की शांति और परिवार के मन की स्थिरता था। सब कुछ सादगी से होता – न कोई तामझाम, न कोई भोज। श्राद्ध का अर्थ था – स्मरण, संयम और वैराग्य।

आज वही संस्कार डेथ इवेंट बन गए हैं। फोटो स्लाइड, वीडियो श्रद्धांजलि, और सोशल मीडिया पर भावभीनी पोस्टें – सब कुछ कैमरे के लिए। आँसू भी अब कैमरे के सामने निकलते हैं, और संवेदना की जगह लाइक और कमेंट ने ले ली है।

भारत में अब डेथ केयर इंडस्ट्री अरबों रुपये का कारोबार है। शवयात्रा वाहन, पुष्प सजावट, हॉल, कैटरिंग – सब कुछ पैकेज में मिलता है। मध्यम वर्ग कर्ज लेकर भी यह



दिखावा करता है ताकि समाज में इज्जत बनी रहे। भीतर दर्द है, पर चेहरे पर औपचारिक मुस्कान। यह कृत्रिमता हमारी आत्मा को खोखला कर रही है।

### संवेदनाओं की गरीबी

आर्थिक दृष्टि से भारत उन्नत हो रहा है, पर भावनात्मक दृष्टि से निर्धन। अब संवेदना नहीं, प्रतियोगिता है – कौन कितना बड़ा मंच बनाएगा, कौन-कौन आएगा, कौन मीडिया में दिखेगा।

दु:ख, जो आत्मा को विनम्र बनाता था, अब स्टेटस का प्रतीक बन गया है। यही वह बिंदु है जहाँ भारत धीरे-धीरे इंडिया में बदल गया – जहाँ भावनाएँ ब्रांड बन गईं, और करुणा केवल कैप्शन।

### संतों की वाणी में सुधार का मार्ग

- भारत की भूमि सदा से संतों और सुधारकों की रही है। कबीर ने कहा था
- माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर,
- कर का मनका छोड़ दे, मन का मनका फेर।
- यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कबीर, तुलसी, बुद्ध, गांधी – सबने सादगी और करुणा को मानवता का आधार बताया। गांधीजी ने कहा था – सादगी ही सच्चे वैभव का प्रतीक है।
- आज यदि संतों की वह वाणी फिर गूंजे – शोक नहीं, शांति का आयोजन करो; प्रदर्शन नहीं, प्रार्थना करो – तो शायद हम संवेदना के उस असली स्वरूप को पुन: पा सकें।
- संवेदना की स्वच्छता – एक नया अभियान हमने भौतिक स्वच्छता का अभियान चलाया – स्वच्छ भारत मिशन। अब समय है संवेदना स्वच्छता मिशन का।
- जब तक हम अपने मन से दिखावे की धूल नहीं झाड़ेंगे, तब तक कोई भी समाज सुंदर नहीं बन सकता। शहरों की सफाई केवल सड़कों से नहीं, हृदयों से भी झलकती है।

### इस दिशा में समाज को कुछ ठोस कदम उठाने होंगे

- सादगी की संस्कृति लौटाएँ।
- श्रद्धांजलि सभा मौन और आत्मीयता से हो, न कि मंच और माइक्रोफोन से।
- व्यय को अर्थपूर्ण बनाएं।
- जो धन भोज और सजावट में लगता है, वह जरूरतमंदों की सहायता या वृक्षारोपण में लगाएं – यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### शिक्षा और संवाद

- स्कूलों, समाज संस्थाओं और धार्मिक संगठनों में इस विषय पर चर्चा हो – संवेदना बनाम प्रदर्शन।
- पर्यावरण-मित्र अंत्येष्टि अपनाएँ।
- कम लकड़ी, कम प्रदूषण – आत्मा की शांति के साथ पृथ्वी की भी रक्षा।

### एक नए पुनर्जागरण की ओर

- भारत ने हर युग में जब भी अति का मार्ग अपनाया, संतों ने सुधार का बिगुल फूंका। आज वही समय फिर लौट आया है – जब हमें दिखावे के युग से संवेदना के युग की ओर लौटना है।
- अगर प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि शोक को उत्सव नहीं बनाएगा, बल्कि आत्मा की साधना बनाएगा – तो यह परिवर्तन स्वत: आरंभ हो जाएगा।
- जिस दिन किसी शहर की शोकसभा में मंच नहीं, मौन दिखेगा; जब लोगों की आँखों में कैमरा नहीं, करुणा झलकेगी; जब मृत्यु किसी परिवार की गरीबी का कारण नहीं बनेगी – तब हम कह सकेंगे कि भारत ने अपनी आत्मा फिर पा ली है।
- संवेदना की यही वापसी हमारे समय का सबसे बड़ा समाज-सुधार होगी – एक ऐसा पुनर्जागरण, जहाँ सादगी फिर से गौरव बनेगी, और मनुष्य फिर से मनुष्य रहेगा।
- जय हो उस भारत की – जहाँ शोक नहीं, संवेदना धर्म बन जाए।



राजकुमार जैन

## आंचलिक

# महिला के ब्रेस्ट से 12 किलो की गांठ निकाली, 3 घंटे ऑपरेशन चला

### जिला अस्पताल में अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन हुआ

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन जिला अस्पताल में 55 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट से ऑपरेशन करके 12 किलोग्राम की एक बड़ी गांठ निकाली गई। यह ऑपरेशन लगभग 3 घंटे तक चला। गठान के बायोप्सी सैंपल जांच के लिए इंदौर भेजे गए हैं।

### महिला के शरीर में सिर्फ 6 ग्राम खून था

जानकारी के अनुसार, बलवाड़ी की महिला को चार दिन पहले ब्रेस्ट में गांठ की शिकायत के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गांठ के अत्यधिक बड़े आकार के कारण मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। जांच रिपोर्ट में मरीज के शरीर में केवल 6 ग्राम खून पाया गया, जिसके बाद



ऑपरेशन से पहले महिला को दो बोतल खून चढ़ाया गया। 10 ग्राम से अधिक खून होने पर ही ऑपरेशन किया गया।

### 12 किलो की गांठ निकली, अब तक की सबसे बड़ी सर्जरी

ऑपरेशन के दौरान लगभग 12 किलोग्राम की गांठ निकाली गई, जिसके लिए ब्रेस्ट को अलग करना पड़ा। यह संभवत: खरगोन जिला अस्पताल में अब तक की गई सर्जरी में निकाली गई सबसे बड़ी गांठ है। इस जटिल ऑपरेशन को जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. गौरव पाटीदार, डॉ. आकृति पाटीदार, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. एनएल महाजन, व ओटी स्टाफ आरआर चौहान, रुबीना खान और पूजा पाटीदार की टीम ने अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और उसे आईसीयू में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

### डॉक्टर ने कहा- पहली बार इतना बड़ा ऑपरेशन किया

डॉ. गौरव पाटीदार ने बताया कि यह उनके द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन था। महिला के ब्रेस्ट में यह ट्यूमर पिछले 6 माह में तेजी से बढ़ा था और उसमें पस भी आने लगा था। ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य टीम ने गांठ के बायोप्सी सैंपल इंदौर के महाराजा यशवंतराव हॉस्पिटल में जांच के लिए भेजे है।

# सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप, खंडवा में 5 घंटे सड़क पर बीच में बैठे हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ता

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

खंडवा में सिविल तिराहे पर चक्काजाम कर रहे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता 5 घंटे बाद रोड़ से उठे हैं। इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने आश्वासन दिया कि 30 अक्टूबर तक सभी अतिक्रमण हटा दिए जाएंगे। सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। दीवाली त्योहार होने की वजह से 15 दिन का समय दिया गया हैं।दरअसल आरोप है कि टिटगांव में सरकारी जमीन पर मुस्लिमों ने कब्जा कर मकान बनाया। अपराधिक घटनाएं और छेड़खानी बढ़ी है। अतिक्रमणकारियों को सरकारी आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जो कि नियमों के विरुद्ध है। इसी बात पर नाराज होकर दो दर्जन कार्यकर्ता दीनदयाल प्रतिमा के सामने रोड़ पर बैठकर नारेबाजी कर रहे हैं। चक्काजाम दोपहर डेढ़ बजे से अभी तक जारी हैं। ग्राम टिटगांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की समस्या बढ़ती जा रही है, जिसका विरोध स्थानीय लोग कई बार ज्ञापन और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत के रूप में किया है।अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ भी मिल रहा है। इस मामले में प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। इसी कारण आज लोगों को चक्काजाम के लिए विवश होना पड़ गया हैं।



**पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए-** ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया है कि वे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कहीं न कहीं अधिकारियों की मिलीभगत हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर अतिक्रमण की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में बड़ा विवाद हो सकता है।

**एम्बुलेंस और बीजेपी पार्षद की गाड़ी निकलने दी-** चक्काजाम के दौरान शहर के लोगों को परेशान होना पड़ गया। बाइक सवार तो बैंक ऑफ इंडिया के परिसर से जनपद पंचायत होकर कलेक्ट्रेट और हरसूद रोड़ पर निकल गए। लेकिन कार और बस-ट्रक वाले परेशान होते रह गए। हालांकि, इस दौरान एक शव वाहिनी पहुंची तो लोगों ने रास्ता दे दिया।

## नहीं करेंगे सब्र, न सुनेंगे आश्वासन रेल के लिए होगा निर्णायक आंदोलन

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

निमाड़वासियों का रेल संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता नजर आ रहा है। ताप्ती-नर्मदा रेलवे लाइन को लेकर अब आंदोलन की भूमिका तैयार हो चुकी है। गत दिनों ताप्ती-नर्मदा रेलवे लाइन संघर्ष समिति की बैठक हुई, जिसमें जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों से कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि अब आश्वासन नहीं, सिर्फ कार्रवाई चाहिए। यदि जल्द ही अलाइनमेंट पर विभागीय निर्णय नहीं हुआ और डीपीआर को लेकर लापरवाही जारी रही तो फिर निमाड़ की जनता सड़कों पर उतरेगी। बैठक में तय किया कि शहर के हर मोहल्ले में टोलियां बनाकर छोटी-छोटी बैठकें ली जाएगी, ताकि लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके। नवंबर माह में एक वृहद सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें निमाड़ के कोने-कोने से लोग जुड़ेंगे और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। जरूरत पड़ी तो दिल्ली में होने वाले आंदोलन में टोलियां भाग लेंगी।

## वाहन की टक्कर से तेंदुआ शावक की मौत, कसरावद-पीपलगोन मार्ग पर हादसा

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

खरगोन जिले के कसरावद वन परिक्षेत्र में एक मादा तेंदुआ शावक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। यह घटना कसरावद-पीपलगोन मार्ग पर सामेडा फाटा के पास हुई। शावक की उम्र लगभग 6 माह बताई जा रही है।



हादसा रविवार रात का बताया जा रहा है। सोमवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर कसरावद वन परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग ने मृत तेंदुए के शव को बरामद कर कसरावद वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने शावक को टक्कर मार दी। सोमवार को वन अधिकारियों की मौजूदगी में मादा तेंदुए का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। खरगोन वनमंडल के कसरावद वन क्षेत्र में इस घटना के बाद वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

उप मंडल अधिकारी विद्याभूषण मिश्रा ने बताया कि तेंदुए की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है और अन्य नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं।

## नेपानगर में अनहाइजीनिक मिठाई-नमकीन जब्त खाने के सामान पर मक्खियां भिनभिना रही थी

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर के नेपानगर में दीपावली पर्व से पहले जिला प्रशासन, नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार शाम 5 बजे बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान कुछ दुकानों और होटलों में लापरवाही सामने आई, जहां मिठाई और नमकीन जैसी खाद्य सामग्री खुले में रखी थी और उन पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। एसडीएम भागीरथ वाखला जब जांच के लिए पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि मिठाई, कचौरी और समोसे जैसी चीजें खुले में रखी थीं और उन पर मक्खियां मंडरा रही थीं। यह स्थिति खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन थी। एसडीएम ने तत्काल इन सभी सामग्रियों को जब्त करने का आदेश दिया। जब्त की गई जलेबी, लड्डू और समोसे सहित अन्य खाद्य सामग्री को नगर पालिका की ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर नष्ट कर दिया गया। एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर दीपावली को देखते हुए होटल और मिठाई की दुकानों की जांच के लिए की गई थी। उन्होंने



दुकानदारों को खराब सामग्री का उपयोग न करने की हिदायत दी। यह कार्रवाई बुधवारा, मातापुर बाजार और मनोज टॉकीज क्षेत्र में की गई, जिसमें तहसीलदार दिनेश भेवंदिया, नपा के नरेंद्र सिंह तंवर और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भी मौजूद रही।

जांच के दौरान कुछ दुकानों से मावा के नमूने भी लिए गए। इसके अतिरिक्त, सात घरेलू गैस टंकियां भी जब्त की गईं। एसडीएम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी है कि वे नकली मावा का उपयोग न करें, सामग्री को खुले में न बेचें और उसे जाली या कांच के बॉक्स में ढककर रखें।

## आयुष्मान योजना पर प्रशासन सख्त, शिकायतों के बाद आठ निजी अस्पतालों की बैठक

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों में उपचार में पारदर्शिता और रेट लिस्ट को लेकर शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। सोमवार को जिला अधिकारियों ने आठ निजी अस्पतालों के संचालकों की बैठक ली और उन्हें योजना के तहत उपचार में पारदर्शिता रखने, रेट लिस्ट लगाने तथा मरीज को डिस्चार्ज करते समय बिल देने के निर्देश दिए। यह बैठक नेपानगर विधायक मंजू दादू द्वारा कलेक्टर हर्ष सिंह से की गई शिकायत के बाद हुई। विधायक ने बताया था कि जिले के कुछ निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के मरीजों को सही उपचार नहीं मिल रहा है, और वहां रेट लिस्ट भी प्रदर्शित नहीं की जाती।

# रणजी ट्रॉफी के लिए वैभव को मिली बड़ी जिम्मेदारी




**पटना (एजेंसी)** • वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है। सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है।

सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुक़ाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174.01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे।

सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के ख़िलाफ़ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206.55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए।

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हरजस ने बनाया रिकार्ड

**सिडनी (एजेंसी)** • भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हरजस सिंह अपनी आक्रामक पारियों के बाद भी अब तक टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। उनके नाम घरेलू क्रिकेट ग्रेड टूर्नामेंट न्यू साउ वेल्स प्रीमियर चैंपियनशिप में तिहरे शतक का भी रिकार्ड है। हरजस ने इसमें 141 गेंदों पर 314 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 35 छक्के लगाये। हरजस ने इसी के साथ ही एकदिवसीय में सबसे अधिक छक्कों का 120 साल पुराना एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले 1903 में विक्टर ट्रंप ने 335 और 2007 में फिल जैक्स ने 321 रन की पारी खेली थी, लेकिन हरजस से सबसे तेज तिहरा शतक लगाया है। उनके नाम अब एक नया विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है।




इस बल्लेबाज ने पिछले साल अंडर-19 विश्वकप फाइनल में भारतीय अंडर-19 के खिलाफ 55 रनों की आक्रामक पारी खेलकर भी अपनी टीम को जीत दिलायी थी। हरजस इसके बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि उनके साथ खिलाड़ी कहीं आगे बढ़ गये हैं। उनके साथ खेले सैम कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में डेब्यू भी कर लिया हैं। वहीं हरजस को काफी प्रयासों के बिन भी राष्ट्रीय या ए टीम में जगह नहीं मिली है। इसके बाद भी वह निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि इर किसी अपना सफर और रास्ता अलग होता है।

पिछले सप्ताह हरजस के तिहरे शतक से ही क्रिकेट ग्रेड टूर्नामेंट न्यू साउ वेल्स प्रीमियर चैंपियनशिप में उनकी टीम वेस्टर्न सबर्ब्स ने सिडनी क्रिकेट क्लब के को 186 रनों से हराया था। उस मैच में ??11वें ओवर में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए हरजस ने 35वें ओवर में शतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 214 रन और बना लिये। यह पारी एनएसडब्ल्यू प्रीमियर प्रथम श्रेणी के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गया और एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का 124 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।


## सिने जगत

# अक्षय कुमार 'पिच टू गेट रिच' शो में बनेंगे जज

**मुंबई (एजेंसी)** • अक्षय कुमार फिल्मों और टेलीविजन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रहे हैं। अक्षय जल्द ही फैशन बेस्ड रिएलिटी शो 'पिच टू गेट रिच' में बतौर जज और इन्वेस्टर नजर आएंगे। नए फैशन स्टार्ट अप को ग्लोबल लेवल तक पहुंचाने वाले इस शो से जुडने को लेकर अक्षय ने बताया, मेरे परिवार में मेरी सास और बीवी फैशन में बहुत रुचि रखती हैं। हालांकि, मैं तो अपने सफेद शर्ट और नीले पैंट में बहुत खुश रहता हूं, ट्रैक पैंट में बहुत खुश रहता हूं, लेकिन फैशन की दुनिया में जितना टेलेंट है, उतना ही आकर्षण मुझे फैशन बिजनेस के बारे में जानकर हुआ है। आपको हैरानी होगी कि फैशन इंडस्ट्री का साल का बिजनेस नौ लाख करोड़ का है। जबकि, हमारी फिल्म इंडस्ट्री (तेलुगू-तमिल सब मिलाकर) का सालाना बिजनेस 15 हजार करोड़ का है। इसलिए, मुझे इस शो का आइडिया बहुत अच्छा लगा, जहां फैशन की दुनिया के नए स्टार्टअप में इन्वेस्ट करके हम उनके बिजनेस को ग्लोबल बनाएंगे।



# नया गाना जन्नता नसीब रिलीज हो गया है - आकांक्षा पुरी



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री आकांक्षा पुरी का नया गाना जन्नतां नसीब रिलीज हो गया है। आकांक्षा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का एक क्लिप शेयर किया। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, इंतजार खत्म हुआ! जन्नतां नसीब अब आ गया है! आवाज बढ़ाओ और बीट्स का मजा लो। उनके इस पोस्ट को फैंस ने खूब पसंद किया और कमेंट्स में तारीफों भरी प्रतिक्रियाएं दीं।

जन्नतां नसीब को मशहूर सिंगर रुपाली जग्गा ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। गाने के बोल मशहूर गीतकार नूर ने लिखे हैं और म्यूजिक अनमोल डेनियल ने दिया है, जबकि म्यूजिक प्रोडक्शन का जिम्मा अनमोल डेनियल और मैग ने संभाला है। इस जोड़ी ने गाने को एक ताजगी भरा अंदाज दिया है, जो सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देता है। गाने में आकांक्षा पुरी के शानदार डांस मूव्स और ग्लैमरस लुक ने गाने को और भी आकर्षक बना दिया है। वीडियो में उनके डांस स्टेप्स फैंस को दीवाना बना रहे हैं। अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने 2015 में मधुर भंडारकर की फिल्म कैलेंडर गर्ल्स से बॉलीवुड में कदम रखा और 2017 में विघ्नहर्ता गणेश टीवी शो में देवी पार्वती का किरदार निभाया।

## उज्जैन संभाग

# पीएम मोदी की पत्नी जशोदा बेन महाकाल मंदिर पहुंची, नंदी हाल से पूजन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी जशोदा बेन श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे। उन्होंने पहले मंदिर के नंदी हाल और फिर गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जशोदा बेन आम श्रद्धालु की तरह मंदिर में नीलकंठ द्वार पहुंची। यहां से ई कार्ट द्वारा मंदिर पहुंची। नंदी हाल में पहुंचने पर उन्होंने कुछ देर भगवान महाकाल का ध्यान लगाया। पुजारियों ने आशीर्वाद स्वरूप जशोदा बेन को भगवान महाकाल पर चढ़ा हुआ वस्त्र और पुष्प माला दी। बता दें कि जशोदा बेन की महाकाल में गहरी आस्था है। वे पूर्व में कई बार बाबा के दर्शन करने आ चुकी हैं। और हमेशा आम श्रद्धालुओं की तरह मंदिर में दर्शन करने पहुंचती है। हालांकि, मंदिर में जैसे ही उनके आने की खबर मिलते ही तत्काल पुलिस और सुरक्षाकर्मी उन्हें नीलकंठ द्वारा से नंदी हाल तक लेकर आए। मंदिर में भी उनके विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई। दर्शन के बाद मंदिर समिति की और उनका सम्मान भी किया गया।

# 100 से अधिक जनशिक्षक और बीएसी को नहीं मिला वेतन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • जिले के 100 से अधिक जनशिक्षक और बीएसी को अब तक सितंबर माह का वेतन नहीं मिल पाया है। त्योहारी माह होने के कारण वेतन नहीं मिल पाने से जनशिक्षक और बीएसी परेशान हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बजट उपलब्ध नहीं होने से यह स्थिति बनी है। बजट उपलब्ध होते ही वेतन भुगतान कर दिया जाएगा।

जिले में करीब 130 जनशिक्षक और बीएसी कार्यरत हैं। इन सभी को अब तक सितंबर के वेतन का इंतजार है। अक्टूबर में दीपावली सहित अन्य बड़े त्योहार हैं। वहीं कई जनशिक्षक और बीएसी ऐसे हैं, जिन्होंने होम लोन, व्हीकल लोन और पर्सनल लोन ले रखे हैं। अधिकांश लोन की किस्त 1 से 10 तारीख के बीच आती है। वेतन नहीं मिलने से जनशिक्षकों और बीएसी के सामने आर्थिक तंगी की स्थिति बनने लगी है। जबकि डीपीसी का वेतन भुगतान हो चुका है।

जिला परियोजना समन्वयक अशोक त्रिपाठी ने बताया जनशिक्षकों और बीएसी के वेतन के लिए मद में बजट उपलब्ध नहीं हुआ है। इसको लेकर तीन बार भोपाल मुख्यालय पर वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज चुके हैं। बजट उपलब्ध होने के बाद राशि आते ही जनशिक्षकों और बीएसी के खातों में वेतन की राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी।

# हरिफाटक से मुरलीपुरा तक के निर्माणाधीन मार्ग की जांच कराएं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • हरिफाटक से मुरलीपुरा तक के निर्माणाधीन मार्ग का सैंपल लेकर उसकी जांच करवाई जाएं। ये निर्देश कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने दिए। वे सोमवार को निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ सिंहस्थ से जुड़े कामों का निरीक्षण कर रहे थे।

कलेक्टर ने निर्माणरत मार्गों पर यातायात के सुचारू संचालन के लिए सर्विस लेन के लिए कार्ययोजना बनाने को भी कहा। दोनों अधिकारी सिंहस्थ के कामों की गुणवत्ता जांचने के लिए बनाई गई लोनिवि की टेस्टिंग लैब का औचक निरीक्षण करने भी पहुंचे। जहां इन्होंने जांच रिपोर्ट के रिकॉर्ड का अवलोकन कर रिपोर्ट संधारण आदि के बारे में जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने क्यूब टेस्टिंग, कंप्रेश टेस्टिंग, जीएमएम आदि मशीनों का केलिब्रेशन देखा। इसके बाद ये नागझिरी दताना मार्ग का व सीवरेज का काम देखने पहुंचे। इन कामों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार करते हुए काम में तेजी लाने को कहा।



# लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी आरबीआई अधिकारियों के नाम पर दिया झांसा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • उज्जैन में लोन दिलाने के नाम लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने लोगों को आरबीआई के अधिकारियों से पहचान बताकर प्लाट दुकान और मकान बनाने के नाम पर 5 से 35 लाख रुपए तक ठग लिए। ठगी में अब तक तीन पीड़ित सामने आ चुके हैं। तीनों एक ही गैंग का शिकार बने हैं। जिनसे लाखों रुपए की ठगी की गई। फरियादी आबिद ने बताया कि घर को बनाने के लिए कुछ रुपए की जरूरत थी। लक्कड़ गंज में रहने वाले वसीम हांजी मेरे पास आए। उन्होंने मुझे भोपाल और दिल्ली में आरबीआई के अधिकारियों से पहचान होने की बात बताई और कहा कि जल्द ही लोन करवा देंगे लेकिन अधिकारियों को पहले कुछ देना होगा। बीते 2 सालों में लोन तो कुछ नहीं मिला। अधिकारियों को देने के नाम पर 25 लाख रुपए से अधिक वसूल कर चुके हैं। सभी रकम अलग-अलग ली गई है। इसी तरह मोचीवाड़ा में रहने वाली अमरीन बानो ने बताया कि मुझे घर तोड़कर बनवाना था। जिसके लिए 15 लाख रुपए की जरूरत थी। नगर निगम के छोटू नेता के जरिए हाजी और वसीम से मुलाकात हुई। उन्होंने जल्द ही लोन दिलाने का वादा किया। 2 सालों में अब तक 5 लाख 75 हजार रुपए दे चुकी हूं। अब तक लोन मिलना तो दूर हमारे दिए रुपए तक मिले हैं। मोहम्मद आजम कुरैशी भी इसी तरह शिकार बने। उन्हें उनके मिर्ची और मसाले की बिजनेस के लिए दुकान की जरूरत थी। इस दौरान वसीम घर पर आया उसने जल्द ही लोन दिलाने का झांसा दिया।

# उज्जैन-विक्रमनगर के मध्य नई दोहरीकृत रेल लाइन का सीआरएस द्वारा निरीक्षण एवं गति परीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** •पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्?जैन से विक्रमनगर के बीच शेष भाग का दोहरीकरण कार्य पूर्ण हो गया है। ट्रेनों के संचालन से पूर्व इस नई दोहरीकृत रेल लाइन का निरीक्षण एवं गति परीक्षण रेल संरक्षा आयुक?त (सीआरएस) पश्चिम परिमंडल द्वारा 14 अक्टूबर, 2025 को किया जाएगा।

यह निरीक्षण एवं गति परीक्षण 14 अक्टूबर को प्रात: 09.00 बजे से रात्रि 20.00 बजे तक उज्?जैन से विक्रमनगर के मध्य किया जाएगा, जिसके दौरान 130 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से परीक्षण किया जाएगा। रेल प्रशासन आमजन से अपील करता है कि इस अवधि के दौरान रेलवे ट्रैक के पास न जाएँ और न ही अपने पशुओं को वहाँ जाने दें। ट्रैक पार करने के लिए केवल निर्धारित रेलवे अंडरपास या समपार फाटक का ही उपयोग करें, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके।

# दीपावली पूर्व मंडी में 12000 बोरी सोयाबीन आया, 4 करोड़ की बिक्री, बीज वालों की एकतरफा खरीदी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • सीजन की सोयाबीन की पहली बड़ी आवक 12000 बोरी रही। करीब 4 करोड़ की बिक्री हुई। पहली बार सोयाबीन में बीज वालों की एकतरफा खरीदी ऊंचे भाव वाली रही। करीब 1500 बोरी सोयाबीन में बीज 2172, ब्लैक बोर्ड, 2117 क्वालिटी का सोयाबीन 4821 रुपए तक बिक गया। मंडी के दो से तीन व्यापारी भी बीज की खरीदी करते हैं। इसमें से एक बीज संस्था में पदाधिकारी बदलाव कर मंडी के एक बड़े गोदाम जो किराए का है, उसमें बीज का बड़ा कारोबार होने की खबर है। बीज प्रक्रिया से नहीं गुजरते हुए सीधे ग्रेडिंग कर बीज के नाम से सप्लाई भी हो जाते हैं। 6 माह पूर्व उज्जैन की कृषि उपज मंडी में इस प्रकार के बीज की जांच और छापे डाले थे। 800 से 1000 रुपए क्विंटल लाभ का व्यापार वर्षों से चल रहा है। किसान कमल पटेल, हाकम सिंह पटेल ने कहा फसल खराब होने का कारण खराब बीज का होना भी माना गया है। इसकी शिकायत जल्द ही कृषि विभाग और कृषि मंत्री को की जाएगी। जिसकी फसल खराब हुई है उसके लिए बीज बेचने वाले भी जिम्मेदार हैं। किसानों का मानना है कि नकली खाद और बीज बेचने वाले मंडी में या मंडी क्षेत्र में नहीं होना चाहिए। किसान वर्ग इसकी भी पड़ताल कर रहे हैं। इधर निमाड़ क्षेत्र भीकनगांव के बीज व्यापारी ने कमीशन पर सोयाबीन बीज की खरीदी करवाई जाने की खबर है। बडनगर मंडी में इससे अच्छी क्वालिटी की सोयाबीन आने से बाहर के तीन से चार बीज व्यापारी 4800 से 5000 रुपए तक की खरीदी कर रहे हैं, लेकिन उज्जैन में इस प्रकार की क्वालिटी सोयाबीन की नहीं आने से आसपास की मंडियों में खरीदार पहुंच रहे हैं। कारोबारी अमर अग्रवाल के अनुसार नीमच लाइन के प्लांट ऑफर भाव 4350, जबकि इंदौर लाइन के 4250 रहे। इस प्रकार का सोयाबीन 4400 से 4425 तक बिका।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेसियों को बताया 'मगरमच्छ'; पुरुष नेताओं को मंच से उतारा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र में लाडली बहना सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री और सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने कांग्रेस की सरकार नहीं गिराई होती, तो आज प्रदेश की महिलाओं को लाडली बहना योजना और किसानों को किसान समृद्धि निधि का लाभ नहीं मिल पाता। सिंधिया ने कांग्रेस नेताओं को 'मगरमच्छ' बताते हुए कहा कि यह लोग जनता का पैसा डकार जाते।



**पुरुष नेताओं को मंच से उतारा**–सम्मेलन के दौरान सिंधिया ने एक अलग मिसाल पेश की। उन्होंने मंच पर बैठे सभी पुरुष नेताओं को नीचे उतरने के लिए कहा और स्वयं महिलाओं के साथ मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर महिलाओं का ही अधिकार है, क्योंकि यह कार्यक्रम लाडली बहनों के सम्मान के लिए है।

**ये मगरमच्छ जनता का पैसा खा जाते** –कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस शासन में गरीब और महिलाओं के लिए बनी योजनाओं का पैसा कभी लाभार्थियों तक नहीं पहुंचता। उन्होंने कहा कि अगर मैं कांग्रेस की सरकार नहीं गिराता, तो लाडली बहनों को मिलने वाला पैसा इन मगरमच्छों के पेट में चला जाता। कांग्रेस की सरकारें हमेशा जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालती रही हैं।

**नारी देवी का रूप है, उसका सम्मान जरूरी**–महिलाओं को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि नारी केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा, नारी देवी का रूप है, उसका सम्मान जरूरी है। भाजपा सरकार हमेशा महिलाओं का सम्मान और उत्थान सुनिश्चित करने के लिए समर्पित रही है।

### भाजपा सरकार दे रही है वास्तविक सशक्तिकरण

सिंधिया ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार अब लाडली बहनों को हर महीने 1500 देने जा रही है। सिंधिया ने कहा कि यह वही सरकार है जो महिलाओं को देवी का रूप मानती है – देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती और देवी दुर्गा की तरह।

### मेरी दादी ने भी गिराई थी बीपी मिश्रा की सरकार

सिंधिया ने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए अपने परिवार के राजनीतिक इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब मेरी दादी राजनीति में थीं, तब उन्होंने भी भ्रष्टाचार में डूबी बीपी मिश्रा की कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंका था। कांग्रेस हमेशा से सत्ता के लोभ में जनता की सेवा भूलती आई है।

# दिलीप बिल्डकॉन के भोपाल स्थित ऑफिस में इनकम टैक्स का सर्वे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के भोपाल स्थित चूना भट्टी ऑफिस में सोमवार (13 अक्टूबर) दोपहर को इनकम टैक्स का सर्वे हुआ। यह सर्वे अभी भी जारी है। जानकारी के मुताबिक, आयकर की टीम अमृतसर से आई है। टीम कंपनी के तीन अलग-अलग ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही है। बता दें कि, करीब दस साल पहले भी आयकर विभाग की टीम ने दिलीप बिल्डकॉन के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस दौरान करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी के बारे में पता चला था। दिलीप सूर्यवंशी के यहां शेयर प्राइसिंग में गड़बड़ी के चलते आयकर विभाग ने यह एक्शन लिया है।



दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के मालिक दिलीप सूर्यवंशी देश के बड़े कारोबारियों में से एक हैं। उनके कई राजनेताओं से अच्छे रिश्ते भी हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वे बीजेपी के बड़े दानदाताओं में से एक हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारे में उन्हें मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम और कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान का करीबी माना जाता है। भोपाल में होटल ताज लेक फ्रंट दिलीप बिल्डकॉन कंपनी ने बनाया है। इसका उद्घाटन मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। दिलीप सूर्यवंशी ने 1988 में दिलीप बिल्डकॉन नाम से अपनी कंपनी बनाई थी। यह कंपनी कंस्ट्रक्शन के काम में है और देशभर में हाईवे और रेल प्रोजेक्ट के ठेके लेती है। भोपाल में जो मेट्रो का काम चल रहा है, वह भी यही कंपनी कर रही है। शुरुआत में दिलीप सूर्यवंशी ने छोटे रिहायशी प्रोजेक्ट्स, सरकारी इमारतें और पेट्रोल पंप बनाए।

# इंदौर बीसीएम अस्पताल ने फायदा उठाने के लिए बदली बैलेंस शीट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

### आरबीआई बैंकिंग लोकपाल की टिप्पणी





**इंदौर** • इंदौर के जाने-माने बिल्डर और बीसीएम ग्रुप के प्रमुख राजेश मेहता बैलेंस शीट में फेरबदल करने के मामले में उलझ गए हैं। आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल (ओंबड्समैन) ने बीसीएम अस्पताल कंपनी को लेकर अपने आदेश में तीखी टिप्पणी की है। यह कंपनी बिल्डर राजेश मेहता और रिषभ मेहता के डायरेक्टरशिप वाली है। वहीं लोकपाल के फैसले के खिलाफ मेहता ग्रुप ने हाईकोर्ट में अपील की है।

मामला यह है कि बीसीएम अस्पताल कंपनी ने बैंक लोन लिया था। बाद में कंपनी ने एसबीआई को इसके फोर क्लोजर के लिए आवेदन किया। यह फोर क्लोजर समय से पहले बैंक लोन चुकता करने के लिए किया जाता है।

इस प्रक्रिया में एसबीआई ने बाकी बचे लोन राशि पर दो फीसदी शुल्क लिया था। एसबीआई ने इस पर 65 लाख रुपए वसूले थे। मेहता ने इस पर आपत्ति जताई और आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल से इसकी शिकायत की। जब लोकपाल ने सभी दस्तावेजों की जांच की तब मेहता की कंपनी के बैलेंस शीट में गड़बड़ी सामने आई।

**मेहता ने फायदे के लिए खुद को माइक्रो कंपनी दिखाया**- मेहता की कंपनी के सीए ने 15 जून 2022 को एक सर्टिफिकेट दिया था। इसमें बताया गया कि कंपनी ने 20.73 करोड़ का निवेश किया था। यह निवेश प्लांट और मशीनरी में किया गया था। यह राशि मीडियम इंडस्ट्री कैटेगरी में आती है। बैंक ने पत्र संख्या IFB/KS/2022-23/ADV/51 में 27 अक्टूबर 2022 को पत्र भेजकर कंपनी को सूचित किया था।

बैंक ने बताया कि वे मध्यम उद्यम के अंतर्गत आते हैं। इसके बाद कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट में बदलाव किया। उन्होंने 20.73 करोड़ को निवेश के रूप में बदल दिया था। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा कि जानबूझकर कंपनी ने खुद को माइक्रो इंडस्ट्री में बदल दिया था। इसका उद्देश्य फोर क्लोजर शुल्क से बचना और लाभ प्राप्त करना था। एसबीआई ने जवाब में कहा कि संयंत्र और मशीनरी के मूल्य की गणना का आधार ABS 2022 और CA प्रमाणपत्र 15.06.2022 है। दोनों विवरणों में संयंत्र और मशीनरी के लिए पहले से किए गए व्यय शामिल हैं। इसलिए, ये अनुमानित आंकड़े नहीं हैं। संयंत्र और मशीनरी में निवेश के आधार पर मध्यम उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया था, इसलिए बैंक द्वारा खाते में पूर्व भुगतान जुर्माना लगाया गया है।

# पुलिस जवानों के लिए हेलमेट जरूरी नहीं तो निरस्त होंगे ड्राइविंग लाइसेंस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • कुछ समय पूर्व प्रशासन ने बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पर रोक लगाई थी। मगर इसकी समय सीमा समाप्त होने पर प्रतिबंध की अवधि नहीं बढ़ाई और वाहन चालकों को जागरूक करने का निर्णय लिया। दरअसल, भाजपा ने ही इस निर्णय का विरोध किया और मुख्यमंत्री से लेकर कलेक्टर तक से चर्चा भी की। आए दिन सोशल और अन्य मीडिया पर पुलिस जवानों के भी फोटो-वीडियो आते हैं, जिनमें वे बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते नजर आते हैं। अब पुलिस मुख्यालय ने पुलिस जवानों के भी ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने और चालानी कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। सोमवार से ही ये आदेश इंदौर सहित पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।



लगातार बढ़ती सड़क दुर्घनाओं और होने वाली मौतों के मद्देनजर हेलमेट की अनिवार्यता समय-समय पर पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा लागू की जाती है। लाखों-करोड़ों रुपए के जुर्माने भी अभी तक हेलमेट ना लगाने वालों पर ठोंक दिए। बावजूद इसके अभी भी दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट

का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। सिर्फ सख्ती के वक्त ही हेलमेट पहनते हैं और ढिलाई मिलने पर बिना हेलमेट ही अधिकांश दो पहिया वाहन चालक नजर आते हैं। अब पुलिस मुख्यालय ने भी एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया कि दो पहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं और विगत वर्षों में कई पुलिसकर्मी दुर्घटना का शिकार हुए, जिसमें से कई को गंभीर चोंट, तो कुछ की मौत भी हो गई। मीडिया में भी इन पुलिस अधिकारियों- कर्मचारियों के बिना हेलमेट वाहन चलाने के वाहन चलाते वीडियो -फोटो वायरल होते हैं।

# 9 महीने में शहर में बिजली के 39 हजार नए उपभोक्ता

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • प्रदेश के सबसे बड़े महानगर इंदौर की सीमा और जनसंख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जनवरी से अक्टूबर के पहले सप्ताह तक इंदौर जिले में 39 हजार नए बिजली के उपभोक्ता बने हैं। शहरी सीमा में इन उपभोक्ताओं की संख्या 25 हजार को पार कर रही है। बिजली कंपनी के पास अब 7 लाख 90 हजार उपभोक्ताओं की संख्या पहुंच चुकी है, जो वर्ष के आखिर तक 8 लाख को पार कर जाएगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस कैलेंडर वर्ष में अब तक 1.27 लाख से ज्यादा नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए हैं, जो पिछले वर्ष से करीब दस प्रतिशत ज्यादा है। इंदौर राजस्व संभाग में करीब अस्सी हजार कनेक्शन जारी हुए हैं। इंदौर जिले में करीब 39 हजार कनेक्शन जारी हुए हैं। धार जिले में 9500, और खरगोन जिले में 9400, खंडवा जिले में 6750, बड़वानी में 5100, बुरहानपुर में 4850, झाबुआ में 4000, आलीराजपुर में 2100 से ज्यादा कनेक्शन दिए गए है। उज्जैन संभाग के सातों जिले में 46 हजार 300 से ज्यादा बिजली कनेक्शन एनएससी जारी किए गए हैं।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मांग के मुताबिक नए सर्विस कनेक्शन एनएससी प्रदान किए जा रहे हैं। यह कनेक्शन ऑनलाइन, या ऑफलाइन दोनों प्रकार के आवेदन दर्ज कर विधिवत दस्तावेजों के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। उज्जैन जिले में 12716 प्रदान किए गए हैं। मंदसौर जिले में 7800, रतलाम जिले में 7600, देवास जिले में 6800, नीमच में 4300, शाजापुर में 3900, आगर जिले में 3276 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। सभी नए कनेक्शनों एवं जारी बिल, लोड इत्यादि की जानकारी संबंधित उपभोक्ता पोर्टल एवं कंपनी के ऊर्जस ऐप से प्राप्त भी कर सकते हैं।

# कांग्रेस को एक बार फिर विधायकों के टूटने का सताने लगा डर!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मप्र में कांग्रेस पार्टी को एक बार फिर टूट का डर सताने लगा है। प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य जिले धार में आयोजित जय ओंकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन के 12वें प्रांतीय वार्षिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। मुख्यमंत्री ने जनजाति समाज की भलाई के हित में सरकार द्वारा हर स्तर पर ठोस कदम उठाने का ऐलान भी किया । इसी कार्यक्रम में कांग्रेस के तीन विधायक सुरेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती झूमा सोलंकी और राजन मंडलोई भी पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पार्टी के विधायकों के पहुंचने पर कांग्रेस ने कोई सीधी आपत्ति नहीं की, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर समाज में फूट डालने के आरोप जरूर लगाए हैं। दरअसल, मप्र में धार जिला ही ऐसा हैं, जहां कांग्रेस को 2023 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 5 सीटें मिलीं। धार मैं में से 6 सीटें जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। खास बात यह है कि कांग्रेस के 65 विधायकों में से 21 विधायक जनजाति वर्ग से हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के आंकड़े के अनुसार मप्र में सिर्फ जनजाति वर्ग में ही कांग्रेस की पकड़ बची है। इस वर्ग की 47 सीटों में से 21 सीटें अभी भी कांग्रेस के पास है। जबकि अजा वर्ग की 35 में से सिर्फ 9 सीट कांग्रेस के पास हैं। इनमें बीना विधायक निर्मला सप्रे सार्वजनिक रूप से भाजपा में शामिल हो चुकी है। हालांकि उनकी सदस्यता का मामला विधानसभा में लंबित है। ऐसे में 11 अक्टूबर को धार में आयोजित भिलाला समाज समागम में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कांग्रेस के तीन जनजाति वर्ग के विधायक कुक्षी से सुरेन्द्र सिंह बघेल, खरगौन जिले के भीकनगांव से श्रीमती झूमा सोलंकी और बड़वानी विधायक राजन मंडलोई के पहुंचने से कांग्रेस खेमे में बेचैनी है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से ही वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री पर समाज में फूट डालने के आरोप लगाए। सिंघार ने एक्स पर ट्वीट भी किया। हालांकि सिंघार के आरोपों पर न तो भाजपा ने कोई प्रतिक्रिया दी हैं और न ही अभी तक कांग्रेस के अन्य किसी नेता ने समर्थन किया है।

### उमंग सिंघार इसलिए परेशान

कांग्रेस में उमंग सिंघार अनुसूचित जनजाति के होने की वजह से ही नेता प्रतिपक्ष बने हैं। 2020 में कमलनाथ की सरकार गिरने से लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस के कई विधायकों ने पार्टी छोड़ी है। बेशक वर्तमान में मप्र में कोई चुनाव नहीं है, लेकिन यदि कोई विधायक टूटता है तो फिर सिंघार की नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी को खतरा हो सकता है। खासकर जनजाति वर्ग के विधायकों के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस में सिंघार की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठेंगे। क्योंकि सुरेन्द्र सिंह बघेल, झूमा सोलंकी और राजन मंडलोई जनजाति वर्ग से आते हैं।

# इंदौर में एमपीएम होम्स का 700 करोड़ का रियल एस्टेट प्रोजेक्ट


इंदौर संकेत प्रतिनिधि

### सिया ने दिए जांच के आदेश, बिना मंजूरी काम कैसे शुरू?

**इंदौर** • मध्यप्रदेश केइंदौर में हैदराबाद की रियल एस्टेट कंपनी एमपीएम होम्स का 700 करोड़ का प्रोजेक्ट विवादों में आ गया है। ये कंपनी अपना पहला प्रोजेक्ट यहां लाई है, लेकिन इसमें विवाद खड़ा हो गया है। प्रोजेक्ट में लग्जरी फ्लैट बनने हैं, लेकिन जमीन को लेकर विवाद है। इस वजह से रेरा ने मंजूरी रोक दी है। कंपनी के बिना पर्यावरण मंजूरी के काम भी शुरू होने पर (राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण) SEIAA हरकत में आ गया है। सिया की राज्य स्तरीय 897वीं बैठक में इस संबंध में जांच के आदेश हुए हैं। सिया के अध्यक्ष शिव नारायण सिंह चौहान, सदस्य डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी और सचिव दीपक आर्य की ओर से इसका फैसला लिया गया है।

फैसले में कहा गया है कि प्राधिकरण ने मामले की जांच करते हुए पाया कि बिल्डर ने पर्यावरण की मंजूरी लिए बिना ही प्रोजेक्ट साइट पर काम शुरू कर दिया है। सिया ने इस मामले पर चर्चा की। फिर फैसला किया कि शिकायत की कॉपी इंदौर के कलेक्टर को भेजी जाए, ताकि मामले की जांच की जा सके। साथ ही, प्रोजेक्ट के बिल्डर को भी इस बारे में जानकारी दी जाए।





यह प्रोजेक्ट मूल रूप से हैदराबाद की कंपनी मेसर्स एमपीएम होम्स डेवलपर्स का है। गिरीश मालपानी इसमें प्रमुख हैं। वह अपने साले प्रतीक माहेश्वरी के साथ यह प्रोजेक्ट कर रहे हैं। प्रतीक इंदौर के बैग्स कारोबारी हैं। इसमें माहेश्वरी की बहन और गिरीश की पत्नी श्रृति माहेश्वरी, उनकी मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी, गिरीश के साथ डायरेक्टर हैं। क्योंकि यह इंदौर में उनका पहला प्रोजेक्ट है, इसलिए इसे एमपीएम होम्स फसर्ट नाम दिया गया है। यह प्रोजेक्ट बिचौली हप्सी एरिया में बायपास पर मैन रोड पर बन रहा है। यह प्रोजेक्ट बिचौली हप्सी में 6 एकड़ जमीन पर है। यहां पर हाईराइज जी प्लस 12 मंजिला सात टावर बनेंगे। इसमें चार और पांच बीएचके के लग्जरी फ्लैट होंगे, जिनका साइज 2700, 4000 और 4600 वर्गफीट है। कुल फ्लैट एरिया दस लाख वर्गफीट है। बुकिंग सात हजार रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से की जा रही है। यानी दस लाख वर्गफीट एरिया के हिसाब से कुल प्रोजेक्ट कीमत 700 करोड़ रुपए की होती है। यहां प्रति फ्लैट कीमत इस हिसाब से 1.90 करोड़ से लेकर 3.20 करोड़ रुपए तक होती है। मेसर्स एमपीएम ने अप्रैल 2019 में बिचौली हप्सी में 2.409 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। यह जमीन पटवारी हल्का नंबर 53 के सर्वे नंबर 447/2, 448/1/1/2, 448/1/2, 448/2/1/2, 453/1/1/3, 453/1/1/2 में आती है। अमरजोत डेवलपर्स एंड फायनेंस प्रालि से यह सौदा 9.92 करोड़ रुपए में हुआ था।

### केस की जानकारी छिपा टीएंडसीपी, निगम मंजूरी

इस प्रोजेक्ट के लिए नक्शे का आवेदन टीएंडसीपी में दिसंबर 2024 में डाला गया। इसे 8 जनवरी 2025 को मंजूरी मिल गई। इसके बाद नगर निगम ने भवन अनुज्ञा जारी कर दी। इस दौरान प्रोजेक्ट कंपनी ने शपथपत्र दिया। कंपनी ने बताया कि कोई भी कोर्ट केस नहीं चल रहा है। असल में कंपनी का जिला कोर्ट में केस चल रहा था, जिसे छिपाया गया। जमीन बेचने वाली अमरजोत कंपनी ने 8 जनवरी को टीएंडसीपी से नक्शा पास करवाया था, लेकिन 16 जनवरी को इस पर आपत्ति उठा दी। इस पर अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। वहीं, नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा में भी इस दौरान आपत्ति आई थी, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया कि जमीन के विवाद को देखना उनका काम नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर टीएंडसीपी से मंजूरी रद्द होती है, तो फिर हम कार्रवाई करेंगे। हालांकि निगम में यह भी प्रावधान है कि अगर किसी ने गलत जानकारी दी, तो मंजूरी खुद-ब-खुद रद्द हो जाती है। कंपनी ने कोर्ट केस और जमीन विवाद की जानकारी सब से छुपाई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।